रोहतक

शनिवार, 9 अगस्त 2025

श्रावण मास शुक्ल पक्ष,
पूर्णिमा वर्ष : 29, अंक : 190
पृष्ठ 12 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 37.8
न्यून. 24.9

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com





रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं

## खबर संक्षेप

### 'मन की बात' से अब तक 34.13 करोड़ की आय हुई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' से, इसकी शुरुआत से अब तक कुल 34.13 करोड़ रुपये की आय हुई है। सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम आकाशवाणी मौजूदा संसाधनों के माध्यम से बिना अतिरिक्त खर्च के तैयार करता है। भाषा

### ऑनलाइन बुकिंग से समय व पैसे की बचत : रेल मंत्री




**नई दिल्ली।** आईआरसीटीसी द्वारा आरक्षित टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग सुविधा यात्रियों को आरक्षण काउंटरों पर प्रतीक्षा की झंझट से बचाती है, जिससे समय व यात्रा खर्च की बचत होती है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने राज्यसभा में यह जानकारी दी। भाषा

### एमपी में वायुसेना अड्डे पर जवान ने आत्महत्या की

**बैतूल (मध्यप्रदेश)।** मध्यप्रदेश के बैतूल के निकट आमला स्थित वायुसेना के अड्डे पर तैनात एक कर्मचारी ने आत्महत्या कर ली। पुलिस अधीक्षक निश्चल झारिया ने बताया कि बृहस्पतिवार देर रात जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर आमला स्टेशन पर तैनात वायुसेना के जवान सरोज कुमार दास ने खुद को गोली मार ली। उन्होंने कहा, वह यहां आंवला में अकेले रहते थे। भाषा

### वेनेजुएला के राष्ट्रपति को लाओ, 400 करोड़ पाओ



**मियामी।** वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो पर ड्रग माफिया होने का आरोप लगाते हुए ट्रंप प्रशासन ने उनकी गिरफ्तारी पर 5 करोड़ डॉलर (लगभग 438 करोड़) के इनाम की घोषणा की है। ट्रंप प्रशासन ने पूर्व में घोषित इनाम को दोगुना कर दिया है। भाषा

### 2024 में दो लाख ने छोड़ी भारतीयों नागरिकता

**नई दिल्ली।** विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में बताया कि वर्ष 2024 में 2,06,378 भारतीयों ने अपनी नागरिकता छोड़ कर दूसरे देशों की नागरिकता ग्रहण की। यह आंकड़ा वर्ष 2020 से लगभग ढाई गुणा है। उन्होंने कहा कि नागरिकता छोड़ने के कारण सबके व्यक्तिगत होते हैं। यह वही व्यक्ति जानता है जिसने नागरिकता छोड़ने का फैसला लिया हो। उन्होंने पिछले 5 साल के आंकड़े पेश किए।

# आर्मी व एयरफोर्स को मिलेंगे 200 नए हल्के हेलीकॉप्टर, पुराने चेतक-चीता रिटायर होंगे

## सेना होंगी मजबूत, एचएएल से भी खरीद रहे 156 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेनाएं और मजूत होंगी। इसके लिए इंडियन आर्मी और एयरफोर्स अपने पुराने चेतक और चीता हेलीकॉप्टरों को हटाकर 200 नए हल्के हेलीकॉप्टर खरीदने की तैयारी कर रही है। इसके लिए रक्षा मंत्रालय ने रिक्वेस्ट फॉर इन्फॉर्मेशन (आएफआई) जारी कर दिया है। इन नए हेलीकॉप्टरों को रिकॉनेसेन्स और सर्विलांस हेलिकॉप्टर (आएसएच) के तौर पर बांटा गया है। इनमें से 120 हेलीकॉप्टर भारतीय सेना और 80 हेलीकॉप्टर वायुसेना को दिए जाएंगे। ये हेलीकॉप्टर दिन और रात दोनों समय में काम कर सकेंगे।

**यह काम करेंगे**
- दुश्मन की निगरानी और जानकारी जुटाना
- कम संख्या में सैनिकों को मिशन पर ले जाना
- जरूरत पड़ने पर जल्दी प्रतिक्रिया देने वाली टीमों को ले जाना
- घायल सैनिकों को निकालना और राहत-बचाव कार्य
- जरूरत पड़ने पर नागरिक प्रशासन की मदद करना



**तकनीकी जरूरतें तय होंगी**

रक्षा मंत्रालय का उद्देश्य तकनीकी जरूरतें तय करना, खरीद प्रक्रिया पर निर्णय लेना और संभावित आपूर्तिकर्ताओं की पहचान करना है। इसमें भारतीय कंपनियों को भी शामिल किया जाएगा जो विदेशी कंपनियों के साथ साझेदारी करके हेलीकॉप्टर बना सकें।

**और भी हेलीकॉप्टर खरीदेंगे**

रक्षा मंत्रालय ने अन्य प्लेटफॉर्म के साथ और भी यूटिलिटी हेलीकॉप्टर खरीदने की योजना बनाई है। संसद में पेश रक्षा मामलों की स्थायी समिति की रिपोर्ट के अनुसार, निम्न-स्तरीय रडार, हल्के लड़ाकू विमान (एलसीए), मल्टी-रोल हेलीकॉप्टर, और मिड-एयर रिफ्यूलिंग एयरक्राफ्ट खरीदे जाएंगे। मंत्रिमंडल की सुरक्षा समिति ने हाल ही में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से 156 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर खरीदने की मंजूरी दी है, जिसकी कीमत 45,000 करोड़ से ज्यादा है। ये हेलीकॉप्टर भी सेना और वायुसेना में बांटे जाएंगे और चीन-पाकिस्तान सीमा पर तैनात होंगे।

# भारत-अमेरिका के बीच विमान व हथियार खरीद पर वार्ता नहीं रोकी

## रक्षा मंत्रालय ने किया डील रोकने की खबरों का खंडन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए टैरिफ के बाद भारत के अमेरिका से हथियारों और विमान की खरीद पर रोक लगाए जाने की खबरों का रक्षा मंत्रालय ने खंडन किया है। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये खबरें झूठी और मनगढ़ंत हैं। रक्षा मंत्रालय के सूत्रों ने बताया कि अमेरिका से खरीद प्रक्रिया पहले की तरह जारी है।सूत्रों ने कहा कि यह रिपोर्ट्स गलत और झूठी हैं। इससे पहले एक मीडिया रिपोर्ट में 3 भारतीय अफसरों के हवाले से दावा किया था कि टैरिफ विवाद के बीच भारत ने अमेरिका से नए हथियार और विमान खरीद की योजना रोक दी है। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय रक्षा मंत्री आने वाले हफ्तों में डिफेंस डील के लिए अमेरिका जाने वाले थे। अब यह दौरा रद्द कर दिया गया है।

**रक्षामंत्री की यात्रा पर 'संशय'**

भारत-अमेरिका रक्षा सौदों को रद्द करने पर अभी तक कोई फैसला नहीं लिया गया है। सूत्रों ने यह भी बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अमेरिका यात्रा की कोई औपचारिक पुष्टि नहीं हुई है। इस पर संशय बना हुआ है।

**ट्रंप ने लगाया है 50% टैरिफ**

दरअसल, ट्रंप प्रशासन ने हाल ही में भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया है, जो 7 अगस्त से लागू हो गया है। भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने को लेकर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क भी लगाया गया है, जो 21 दिन बाद यानी 27 अगस्त से प्रभावी होगा। इस तरह भारत पर कुल टैरिफ 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है।

# राहुल शपथ पत्र दें या देश से माफी मांगें वेबसाइट बंद किए जाने के दावे गलत

## ईसी ने कहा- कांग्रेस नेता के 'वोट चोरी' के आरोप बेतुके, सबूत पेश करने की दी चुनौती

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** निर्वाचन आयोग (ईसी) ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वोट चोरी और विभिन्न राज्यों में उसकी वेबसाइट बंद होने और उस पर उपलब्ध मतदाता सूची गायब होने के दावों को खारिज कर दिया। आयोग ने राहुल से मतदाता सूची में गलत प्रविष्टियों के अपने दावों के बारे में शपथ पत्र देने को कहा। आयोग ने कहा कि यदि गांधी शपथ पत्र नहीं दे सकते हैं तो उन्हें 'अपने बेतुके आरोपों के लिए राष्ट्र से माफी मांगनी चाहिए।' गांधी ने हरियाणा, महाराष्ट्र और कर्नाटक में वोट चोरी के आरोपों को लेकर निर्वाचन आयोग ने कहा कि अगर उन्हें अपने विश्लेषण पर विश्वास है और लगता है कि उसके खिलाफ लगाए गए आरोप सही हैं, तो उन्हें चुनावी नियमों के तहत शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करने और मतदाता सूची में गलत तरीके से जोड़े गए या हटाये गए नामों को सौंपने में 'कोई समस्या' नहीं होनी चाहिए।




**ईसी ने कांग्रेस नेता को दी कड़ी चेतावनी कहा-शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करने में दिक्कत नहीं हो**

**शपथ पत्र पर हस्ताक्षर करें**

आयोग ने कहा कि अगर गांधी शपथ पत्र पर हस्ताक्षर नहीं करते हैं, तो इसका मतलब होगा कि उन्हें अपने विश्लेषण और उसके निष्कर्षों और 'बेतुके आरोपों' पर विश्वास नहीं है। ऐसी स्थिति में उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए। निर्वाचन आयोग ने कहा कि राहुल गांधी चुनाव अनियमितताओं के उन पुराने आरोपों को दोहरा रहे हैं जिनका निपटारा सुप्रीम कोर्ट कर चुका है। आयोग ने 3 राज्यों में वोट चोरी के राहुल के आरोपों को थकी हुई पटकथा और पुरानी बोतल में नई शराब बताया है।

**राहुल बोले-मैंने संसद में संविधान की शपथ ली**



जनता सवाल पूछने लगी तो उनका ढांचा ढह जाएगा

राहुल ने कर्नाटक के बेंगलुरु में फ्रीडम पार्क में आयोजित 'वोट अधिकार रैली' के दौरान कहा कि चुनाव आयोग मुझसे हलफनामा मांगता है। वो कहता है कि मुझे शपथ लेनी होगी। मैंने संसद में संविधान की शपथ ली है। राहुल ने कहा-आज जब देश की जनता हमारे डेटा को लेकर सवाल पूछ रही है तो चुनाव आयोग ने वेबसाइट ही बंद कर दी। ईसी जानता है कि जनता उनसे सवाल पूछने लगी तो उनका पूरा ढांचा ढह जाएगा।

**जिस डाल पर बैठे हो उसी को काट रहे : भाजपा**



ऐसी भाषा का प्रयोग नेता विपक्ष को शोभा नहीं देता

राहुल के दावे का भाजपा ने मजाक उड़ाते हुए कहा कि यह 'जिस डाल पर बैठे हों उसी को काटने' जैसा है। कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने ज्यादातर सीटें वहीं जीतीं, जहां मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि गांधी ऐसी भाषा का इस्तेमाल कर रहे हैं जो (लोकसभा में) नेता प्रतिपक्ष को शोभा नहीं देती। भाजपा नेता ने कहा कि गलत दावे करने के लिए उन्हें उच्चतम न्यायालय से माफी मांगनी पड़ी।

**उम्मीद है सुप्रीम कोर्ट चुनावी धोखाधड़ी पर संज्ञान लेगा**

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) लिबरेशन ने उम्मीद जताई कि सुप्रीम कोर्ट बेंगलुरु के महादेवपुरा विधानसभा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चुनावी धोखाधड़ी के बारे में राहुल गांधी द्वारा दिए गए 'सबूत' पर संज्ञान लेगा। पार्टी महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा चुनाव आयोग नेता विपक्ष को डरा रहे हैं।

**जब भी भाजपा जीतती है राहुल गड़बड़ी के आरोप लगा देते हैं**

असम के सीएम हेमंत बिसवा सरमा ने राहुल गांधी पर पलटवार करते हुए कहा कि जब भी चुनाव में भाजपा की जीत होती है कांग्रेस नेता राहुल गांधी चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोप लगा देते हैं। पहले वे ईवीएम को दोषी ठहरा रहे थे। अब वोट चोरी के बहाने बना रहे हैं।

### पीएम ने पुतिन से फोन पर की बात



# द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** पीएम नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से फोन पर बात की व दोनों नेताओं ने भारत-रूस विशेष एवं विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। मोदी ने पुतिन के साथ व्यापार, अर्थव्यवस्था और निवेश समेत प्रमुख द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान यूक्रेन संघर्ष पर भी चर्चा की गई। पीएम ने इस मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत के दृढ़ रुख को दोहराया। दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत ऐसे समय में हुई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूसी तेल खरीद को लेकर भारत पर दबाव बढ़ा रहे हैं। राष्ट्रपति पुतिन इस साल के आखिरी हफ्ते में भारत दौरे पर आएंगे। रूसी न्यूज एजेंसी तास ने यह जानकारी डोभाल के हवाले से दी थी। मोदी ने रूस को प्रमुख साझेदार बताया।

**इस साल के आखिरी हफ्ते में भारत दौरे पर आएंगे रुसी राष्ट्रपति पुतिन**

### बाजार का हाल

| मार्केट | बंद | उछाल |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 79,857.79 | 765.47 ▲ |
| निफ्टी | 24,363.30 | 232.85 ▲ |

| धातु | कीमत | तेजी |
|---|---|---|
| सोना | 1,03,420/- | 800/- ▲ |
| चांदी | 1,15,000/- | 1000/- ▲ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे/ऊपर |
|---|---|---|
| रुपया | 87.71 | 13 पैसे ▼ |
| क्रूड ऑयल 66.82 बैरल | | 0.59% ▲ |

*पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।*

### सुप्रीम कोर्ट ने राजद्रोह कानून पर सरकार से जवाब मांगा

**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने 2023 में बने नए कानून भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में राजद्रोह से जुड़ी धारा 152 को लेकर केंद्र से जवाब मांगा है। कोर्ट ने कहा है कि वह इसकी संवैधानिक वैधता यानी संविधान के अनुसार सही होने पर विचार करेगा। याचिका सेना के रिटायर्ड मेजर जनरल एस.जी. वोम्बटकेरे ने दायर की है। उन्होंने कहा है कि बीएनएस की धारा 152, पुराने राजद्रोह कानून (आईपीसी की धारा 124ए) की तरह ही है, बल्कि उससे भी सख्त, खतरनाक और अस्पष्ट है।

# झज्जर में टायर फटने से स्कूल कैब पलटी, तीसरी कक्षा के बच्चे की मौत



एक छात्र गंभीर रूप से घायल, वैन में 11 बच्चे सवार थे

**बच्चों को स्कूल से घर छोड़ने जा रहे थी**

परिजन बोले, ड्राइवर ने बरती लापरवाही

**झज्जर (हरिभूमि न्यूज)।** झज्जर रोहतक मार्ग पर गांव बिरधाना के पास शुक्रवार दोपहर एसएफएस स्कूल की कैब टायर फटने से असंतुलित होकर पलट गई, जिसके चलते एक बच्चे की मौत हो गई और कई बच्चे घायल हो गए। घायल बच्चों को निजी अस्पताल और मृतक बच्चे के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल ले जाया गया। मृतक बच्चे की पहचान हितांश पुत्र संदीप के तौर पर हुई। हितांश कक्षा तीसरी का छात्र था, जबकि घायल बच्चे का नाम पूर्व पुत्र अनुज है। जिसका निजी अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। कैब में सवार बच्चों की संख्या 10 से 11 बताई जा रही है। अन्य बच्चों को हल्की फुल्की चोटें आई हैं। नायब तहसीलदार, एसीपी, दुजाना थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। बाद में सीएमओ डॉक्टर जयमाला ने निजी अस्पताल पहुंचकर घायल बच्चे का हालचाल जाना, वहीं नागरिक अस्पताल में चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उधर, हादसे के बाद वाहनों की लंबी कतारें लग गई और जाम की स्थिति बन गई।

**परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल**

हादसे की सूचना मिलने पर नागरिक अस्पताल पहुंचे मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा। दादा, दादी और पिता की आंखों से आंसू रूक नहीं पा रहे थे। पुलिसकर्मी और अस्पताल कर्मी परिजनों का ढांढस बढ़ाते हुए दिखाई दिए। उधर, हादसे की सूचना मिलने पर काफी संख्या में लोग नागरिक अस्पताल परिसर में पहुंच गए। अस्पताल परिसर में मौजूद सभी लोगों की आंखें नम दिखाई दी। बाद में गमगीन माहौल में बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# सोनीपत में स्कूली वैन व क्रेटा भिड़ीं चालक, छह बच्चे घायल, दो गंभीर



घायलों में चालक व एक लड़की की हालत गंभीर

निजी अस्पताल में चल रहा है उपचार

पुलिस ने आरोपित क्रेटा चालक के खिलाफ जांच की शुरू

**सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के नरेला-सोनीपत मार्ग पर ओपी जिंदल ग्लोबल विवि के पास शुक्रवार सुबह स्कूली बच्चों को लेकर आ रही ईको वैन और तेज रफ्तार क्रेटा गाड़ी में टक्कर हो गई। हादसे में वैन सवार छह बच्चे और चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सोनीपत के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दो की हालत गंभीर बनी हुई है। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार दिल्ली के जींदपुर निवासी विजय ईको वैन में नरेला व बारोटा से बच्चों को लेकर लिटल एंजल्स स्कूल, सोनीपत की ओर आ रहा था। वैन में नरेला की गौतम कॉलोनी निवासी आशवी (10), नित्या (5), जदित्या (9), अनिक (10), आरव और बारोटा निवासी मधुर (16) सवार थे। विश्वविद्यालय के पास अचानक क्रेटा गाड़ी चालक ने मोड़ पर यू-टर्न लेते हुए वैन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन करीब 10 मीटर दूर जाकर डिवाइडर से टकराई।

**हर तरफ मची चीख पुकार**

हादसे में चालक व बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में आशवी के सिर में गंभीर चोट आई है, जबकि अन्य बच्चे व चालक भी घायल हैं। घटना के बाद वैन में सवार बच्चे घबराकर चीखने-चिल्लाने लगे। विवि के गेट पर तैनात कर्मचारियों ने बच्चों को क्षतिग्रस्त वैन से बाहर निकाला। उसके बाद उन्हें निजी अस्पताल में पहुंचाया। सेक्टर-27 शहर थाना के जांच अधिकारी भीम सिंह ने कहा कि वैन चालक व एक छात्रा की हालत भी गंभीर है। पूरी गंभीरता से मामले की जांच कर रहे हैं।

## एसआईआर पर आपत्ति जताने पर विपक्ष पर शाह का प्रहार

# देश में घुसपैठियों को वोट का कोई अधिकार नहीं, इनके नाम हटाए जाएं

भाषा ▶▶| सीतामढ़ी (बिहार)

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पर आपत्ति जताने को लेकर विपक्षी दलों की शुक्रवार को आलोचना की और कहा कि घुसपैठियों को 'वोट देने का कोई अधिकार नहीं है।' शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी राज्य में एसआईआर कवायद पर राजनीति कर रहे हैं। सीतामढ़ी जिले के पुनौराधाम में एक जनसभा को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, 'घुसपैठियों के



नाम मतदाता सूची से हटाए जाने चाहिए। उन्हें वोट देने का कोई अधिकार नहीं है। लेकिन बिहार में राजद और कांग्रेस एसआईआर का विरोध कर रहे हैं क्योंकि घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं।'

**आतंकवादियों को हमारे जवानों ने मार गिराया**

ऑपरेशन सिंदूर पर विपक्षी दलों के रुख पर शाह ने दावा किया कि संप्रग शासन के दौरान भारत में आतंकवादी हमले अक्सर होते थे। लेकिन अब नरेन्द्र मोदी के शासन में भारत अलग है। हमारे सैनिकों ने आतंकवादियों को उनके ठिकानों में मार गिराया, लेकिन राजद और कांग्रेस के नेता ऑपरेशन सिंदूर का विरोध कर रहे हैं।' शाह ने यह भी कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में राजग सरकार बनाएगा। राजद ने बिहार के लिए कुछ नहीं किया। बिहार में लगातार विकारस हो रहा है। गरीबों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

## इन जेलों में पत्थरबाज और कश्मीरी आतंकियों के अलावा कई बड़े अपराधी बंद

*राज्य में जेलों को हाईटेक करने के साथ हाई सिक्योरिटी जेल भी बनाई जाएगी*

# प्रदेश की 6 संवेदनशील जेलों की सुरक्षा अब बीएसएफ के हवाले

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

प्रदेश की 6 जेलों में जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाने वाले और पत्थरबाज बंद हैं। इनके अलावा, इनमें कुछ बड़े अपराधी भी बंद हैं, इसलिए इन संवेदनशील जेलों के बाहर बीएसएफ (बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स) की सुरक्षा का पहरा लगाया गया है। सरकार गृह विभाग के आला अफसरों ने केंद्रीय गृह मंत्रालय के अफसरों के साथ में विचार मंथन के बाद में यह व्यवस्था की है। इसके अलावा भी राज्य में जेलों को हाईटेक करने के साथ-साथ में हाई सिक्योरिटी जेल भी बनाई जाएगी। यह खुलासा डीजी जेल आलोक राय ने किया है। उन्होंने बताया कि जेल परिसर के बाहर और अंदर कड़ी सुरक्षा का पहरा है।

**इन जेलों में सुरक्षा कड़ी**




प्रदेश में करनाल, झज्जर, फरीदाबाद, यमुनानगर, गुरुग्राम और रोहतक जिला जेल में कई दुर्दांत आतंकी बंद हैं। इनमें जम्मू-कश्मीर में पत्थरबाजी और देशविरोधी गतिविधियों में लिप्त युवाओं के अलावा कुछ कुख्यात आतंकी भी बंद हैं। इन पर बड़े मामले दर्ज हैं, इसके अलावा संगठित अपराधों में लिप्त अपराधी भी शामिल हैं। इसलिए यहां सुरक्षा में बीएसएफ को लगाया गया है।

**इसलिए बीएसएफ तैनात**

बड़े अपराधियों और आतंकियों व उनके गुर्गों द्वारा लोकल स्तर पर दबाव व अपने रसूख अथवा अन्य तौर तरीके से किसी तरह की सैटिंग नहीं हो इसके लिए यहां पर बीएसएफ लगाई गई है।

**जेल में नहीं मिले मोबाइल : डीजी जेल**

डीजी जेल आलोक कुमार राय ने जींद में एक वकील को धमकी के मामले में जेल से धमकी दिए जाने के मामले का खंडन किया और कहा कि यह जेल के अंदर से नहीं बल्कि जेल के बाहर से धमकी दी गई थी। साथ ही जेल में बंद अपराधी ने नहीं बल्कि उसके भाई ने पारिवारिक धार्मिक कार्यक्रम के बाद दी। इतना ही नहीं नशे की हलात में उसने यह काम किया। डीजी जेल ने जेलों से मोबाइल और सामान बरामद होने की खबरों का भी खंडन किया है।

### उज्ज्वला के तहत 12000 करोड़ की सब्सिडी मंजूर

**नई दिल्ली(भाषा)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना (पीएमयूवाई) के तहत 12,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस फैसले को मंजूरी दी गई। इस फैसले से देश के करीब 10.33 करोड़ परिवारों को लाभ होगा। पीएमयूवाई की शुरुआत मई 2016 में देश भर के गरीब परिवारों की वयस्क महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन देने के लिए की गई थी। इस साल एक अगस्त तक देश भर में लगभग 10.33 करोड़ पीएमयूवाई कनेक्शन दिए जा चुके हैं। पीएमयूवाई के लाभार्थियों को प्रति वर्ष नौ गैस सिलेंडरों पर 300 रुपये प्रति सिलेंडर की लक्षित सब्सिडी दी जाती है।

## मुख्यमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कर उपायुक्तों व पुलिस अधीक्षकों को दिए सख्त निर्देश

# समाधान शिविरों में शिकायतों का तुरंत समाधान करें, लोगों को बार-बार चक्कर न काटने पड़ें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी जिला उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे समाधान शिविरों के तहत प्राप्त होने वाली प्रत्येक जन शिकायत, चाहे वह छोटी हो या बड़ी, को पूरी गंभीरता से लें और उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें ताकि आमजन को त्वरित राहत मिल सके और प्रशासन के प्रति विश्वास और सुदृढ़ हो।मुख्यमंत्री यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला उपायुक्तों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे, जिसमें समाधान शिविरों के अंतर्गत जन शिकायतों के निवारण की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कुछ जिलों में लंबित शिकायतों की संख्या पर कड़ा संज्ञान लिया और संबंधित उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे विशेष रूप से पुराने लंबित मामलों पर प्राथमिकता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी लंबित शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान किया जाए ताकि लंबित मामलों की संख्या शून्य कर लोगों की शिकायतों का निवारण सुनिश्चित किया जा सके।



### पुलिस अधिकारी प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध निष्पक्ष और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करें

पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों का भी प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस अधिकारी प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, निष्पक्ष और संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करें ताकि आमजन को त्वरित न्याय मिल सके।

### तंजानिया में निवेश करने वालों को प्रोत्साहित करेंगे

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार तंजानिया में अपने उद्योगों का विस्तार करने के इच्छुक हरियाणा के निवेशकों को पूर्ण समर्थन एवं सहयोग प्रदान करेगी। राज्य सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए सहायता प्रदान करने तथा राज्य के 'ट्रांसफोर्मिंग हरियाणा थ्रू गो ग्लोबल अप्ररोच' के दृष्टिकोण से एक अलग विदेश सहयोग विभाग का गठन किया गया है। मुख्यमंत्री तंजानिया में हाल ही में आयोजित 49वें दार-ए-सलाम अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में भाग लेकर आए के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल के प्रतिनिधियों के साथ डीब्रीफिंग सत्र की अध्यक्षता कर रहे थे।

### घोष ने पूर्व राष्ट्रपति कोविंद, पंजाब के राज्यपाल व सैनी को दिया लंच

चंडीगढ़। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने शुक्रवार को पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद, पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और हरियाणा के मुख्यमंत्रीनायब सिंह सैनी के साथ नाश्ते पर मुलाकात की। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि हरियाणा के राज्यपाल के रूप में, मैंने कुछ दिन पहले पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद को हरियाणा राजभवन में नाश्ते के लिए आमंत्रित किया था। मैंने पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भी निमंत्रण दिया था।



### प्रजापति समुदाय के पात्र परिवारों को वितरित करेंगे पात्रता प्रमाण पत्र

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आगामी 13 को कुरुक्षेत्र में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में कुम्हार/प्रजापति समुदाय के पात्र परिवारों को पात्रता प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री के साथ-साथ राज्य के विभिन्न मंत्रीगण, सांसद तथा वरिष्ठ जनप्रतिनिधि सभी जिलों में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रमों में पात्र परिवारों को प्रमाण पत्र वितरित करेंगे। विस स्पीकर करनाल में प्रमाणपत्र वितरित करेंगे।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में पंचकूला में नशा मुक्ति अभियान का राज्य स्तरीय आयोजन 13 को

चंडीगढ़। नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ के मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में 13 अगस्त को पंचकूला में एक राज्य-स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। उसी दिन, स्कूल और कॉलेज के छात्रों को जिला स्तर पर नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ सामूहिक प्रतिज्ञा भी दिलाई जाएगी। यह जानकारी शुक्रवार यहां मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में हुई नशा मुक्त भारत अभियान की समीक्षा बैठक में दी गई। उन्होंने ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य प्रतिज्ञाओं, शैक्षिक गतिविधियों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से नागरिकों को नशीली दवाओं की लत के खिलाफ एक जन आंदोलन का निर्माण करना है। समाज कल्याण एवं अधिकारिता विभाग नोडल एजेंसी के रूप में काम कर रहा है, जो राज्य और जिला, दोनों स्तरों पर अभियान चला रहा है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने के मकसद से, एक अगस्त से शुरू हुए इस अभियान में नाकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो व अन्य मिलकर चला रहे है।

## गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर सीएम आवास पर कार्यक्रम

# गोसाईं समाज को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने के लिए पत्र लिखकर अनुशंसा करेंगे : सीएम



चंडीगढ़। गोस्वामी तुलसीदास जयंती के पावन अवसर पर शुक्रवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी के निवास संत कबीर कुटीर पर राज्य स्तरीय समारोह का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम में प्रदेशभर से गोस्वामी समाज के प्रमुख प्रतिनिधियों सहित प्रदेश के कौने-कौने से आए बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने समाज द्वारा रखी गई मांग पर बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि गोसाईं समाज को केंद्रीय ओबीसी सूची में शामिल करने के लिए हरियाणा सरकार ओबीसी आयोग को पत्र लिखकर सूची में नाम शामिल करवाने के लिए अनुशंसा करेगी। मुख्यमंत्री ने घोषणा करते हुए कहा कि प्रदेश में किसी एक चौक का नाम तथा हिसार में स्थापित किए जाने वाले बड़े पुस्तकालय का नाम गोस्वामी तुलसीदास जी के नाम पर रखा जाएगा। साथ ही, गोस्वामी समाज सभा की कुरुक्षेत्र में निर्माणाधीन धर्मशाला के लिए मुख्यमंत्री ने अपने ऐच्छिक कोष से 31 लाख रुपये देने की घोषणा की।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समारोह हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है।



- प्रदेश में किसी एक चौक और हिसार में स्थापित किए जाने वाले पुस्तकालय का नाम गोस्वामी तुलसीदास के नाम पर रखा जाएगा
- गोस्वामी समाज सभा की कुरुक्षेत्र में निर्माणाधीन धर्मशाला के लिए मुख्यमंत्री ने की 31 लाख रुपये देने की घोषणा

### आयुष्मान भारत योजना की लंबित बकाया राशि का विधिवत भुगतान किया जाएगा : सीईओ

चंडीगढ़। हरियाणा की स्टेट हेल्थ एजेंसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारीने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 7 अगस्त को राज्य भर के सभी जिलों से सूचीबद्ध निजी अस्पतालों से 2.5 करोड़ रुपये के पूर्व-अधिकृत क्लेम (दावे) प्राप्त हुए हैं। इसके अलावा ,मई 2025 के पहले सप्ताह तक के भुगतान मंजूर कर दिए हैं। आयुष्मान योजना के अंतर्गत आने वाले मरीजों को उपचार से इनकार करने या उनसे फीस लेने से संबंधित अगर कोई शिकायत पैनल वाले अस्पताल के खिलाफ मिलती है तो उसका समाधान राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (एनएचए) और एसएचए द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार सख्ती से किया जाएगा।

- उपचार से इनकार करने वाले अस्पतालों के खिलाफ सख्ती की जाएगी

### एचईआरसी ने उपभोक्ताओं व किसानों को दी राहत

चंडीगढ़। हरियाणा में बिजली से जुड़े कार्यों को सरल और पारदर्शी बनाने तथा उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत प्रदान करने के उद्देश्य से हरियाणा विद्युत नियामक आयोग ने बिजली आपूर्ति संहिता में छठा संशोधन जारी किया है। यह संशोधन हरियाणा सरकार के राजपत्र में प्रकाशित होते ही प्रभावी हो गया है।अब तक यदि किसी किसान के निजी ट्रांसफार्मर में चोरी या खराबी के कारण मरम्मत अथवा प्रतिस्थापन की आवश्यकता होती थी, तो उसकी लागत का एक बड़ा हिस्सा किसान को स्वयं उठाना पड़ता था। इस विषय को गंभीरता से लेते हुए आयोग ने मामलों में किसानों से लागत वसूलने का प्रावधान हटाने का निर्णय लिया है, जिससे अब किसानों को इस प्रकार के व्यय से राहत मिलेगी। यदि ट्रांसफार्मर चोरी हो जाए या किसी अन्य कारण से क्षतिग्रस्त हो, तो उसकी मरम्मत या प्रतिस्थापन की पूरी जिम्मेदारी अब बिजली वितरण कंपनी की होगी।

### प्रदेश में बढ़ेंगे वैश्विक और घरेलू रोजगार के अवसर : रस्तोगी

चंडीगढ़। प्रदेश सरकार ने युवाओं को वैश्विक और घरेलू स्तर पर अधिक से अधिक रोजगार अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। हरियाणा कौशल रोजगार निगम के निदेशक मंडल की 11वीं बैठक शुक्रवार को मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की अध्यक्षता में आयोजित हुई, जिसमें प्रशिक्षण-आधारित विदेश रोजगार मॉडल तथा रोजगार संबद्ध प्रोत्साहन योजना को प्रदेश में लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। बैठक में विभिन्न देशों में अंतर्राष्ट्रीय भर्ती एजेंसियों के सहयोग से प्रशिक्षण-आधारित रोजगार मॉडल की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्य सचिव ने कहा कि इससे युवाओं को रोजगार मिलेगा।

### जेलों में बंद कुख्यात अपराधियों पर पुलिस की पैनी नजर : राय

चंडीगढ़। हरियाणा डीजी जेल आलोक राय का कहना है कि राज्य की जेलों में बंद अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है, साथ ही वहां के जिला प्रशासन व पुलिस से भी मदद ली जाएगी । उन्होंने कहा कि जेलों से आपराधिक गतिविधियों पर रोक के लिए एसआईटी का गठन भी कर दिया गया है। राय ने बताया कि हरियाणा की जेलों में बंद संगठित अपराधियों पर शिकंजा कसने और नजर रखने के लिए कई कदम उठा रही है। इस क्रम में आपराधिक नेटवर्क कैसे काम करता है, साथ ही कैसे स्थापित किया जाता है, उनकी कार्यप्रणाली कैसी है, इस पर स्टडी की जाएगी।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 298 दिनांक 07.08.2025 धारा 127 (6) BNS 2023 थाना महम रोहतक ।**

**गुमशुदा की पहचान बारे-**



नाम - रेखा
पिता/पति- पत्नी अनिल
पता - निवासी गांव फरमाणा खास जिला रोहतक
उम्र- 24 वर्ष
कद- 5 फुट।
हुलिया - रंग गोरा, गोल चेहरा।
पहनावा - सूट सलवार व पैरों में चप्पल पहने हुए है।

दिनांक 07.08.25 को रेखा पत्नी अनिल निवासी गांव फरमाणा खास जिला रोहतक अपने बच्चों रियाश 4 साल व आरव 1.5 साल को साथ लेकर बिना किसी को बताए कहीं चले जाने पर उपरोक्त अभियोग पंजीकृत हुआ है। गुमशुदा का अभी तक कोई भी सुराग नहीं पता चला है। यदि किसी थाना में या किसी व्यक्ति को इस बारे कोई जानकारी/सूचना प्राप्त होती है, तो निम्नलिखित नम्बरों पर सूचित करे। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा और सूचना देने वाले को उचित इनाम भी दिया जाएगा।

1. प्रबन्धक थाना महम रोहतक- 7082999127
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक- 01262-247200,999646400
3. अनुसंधानकर्ता थाना महम रोहतक- 9728270142

## कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रोहतक

**अभियोग संख्या 310 दिनांक 07.08.25 धारा 106,281 BNS थाना सांपला जिला रोहतक ।**

**अदमशिनाख्त नाश की पहचान बारे**



नाम - नामालूम
पिता/पति का नाम - नामालूम
पता- नामालूम।
उम्र लगभग 50 वर्ष ।
कद- लगभग 5 फुट 7 इंच।
हुलिया- रंग गेंहुआ, लम्बूतरा चेहरा, दुबला पतला शरीर, हाथ पर मनोज कुमार सोलन देवी और सपना भी सुरमा से गुदा हुआ है।
पहनावा - सफेद रंग का कुर्ता पजामा पहने हुए है।

दिनांक 07.08.25 को एक नामपता नामालूम व्यक्ति गांव ईस्माईला के पास HP PETROL PUMP के पास एक्सिडेंट होना पाया गया है। जिसके परिजनो का अभी तक कोई सुराग नहीं लगा है। थाना सांपला रोहतक द्वारा पोस्टमार्टम करवाया जाकर शिनाख्त हेतू 72 घण्टे के लिए डैड हाऊस PGIMS रोहतक में रखवाया गया है। अगर किसी थाना के एरिया से इस प्रकार का व्यक्ति गुम हो तो थाना सांपला से संपर्क करें।

1. प्रबन्धक थाना सांपला रोहतक 7082999125
2. पुलिस कन्ट्रोल रुम रोहतक – 01262-247200, 01262-247894, 9996464100
3. अनुसंधानकर्ता थाना सांपला रोहतक - 8398997890

पीआरडीएच-1084/11/3727/2026/37493/88/6 दि. 08.08.25

## OFFICE OF THE MARKET COMMITTEE, ROHTAK, NGM/NVM/NFM ROHTAK.

### SHORT TERMS NOTICE INVITING TENDERS

The Market Committee, Rohtak invite online tender for the following works from the

| Sr. No. | Work Description | Earnest Money (in Rs.) | Tender Documents fee (in Rs.) | E-service fee (in Rs.) | Beginning/ Closing Date for online bid | Tender Opening Date | Period | Tender Reference |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Daily cleaning/sweeping within the NGM/NVM/NFM, Rohtak i/c Kisan Bazar. Retail Market, Canteen, Residential Colony at Campus Old Chara Mandi NGM/NVM Kalanaur. and Purchase Center Kiloi, Madina, Sanghi, Lakhan Majra & Kharak Kalan. All the Toilets, Urinals, Drinking Water Piao, Cleaning Sewerage line, Office Premises are to be cleaned daily. Collection, Segregation & Dumping of waste/garbage/ mud and dust daily outside the mandi area and at place specified by Municipal Corporation Rohtak by his own Tractor Trolly/Dumper at his own cost. | 2,00,000/- (Relaxation will be provided as per HSAMB Memo No:- H&C-A-1-2023/202926-28 Dated:- 19.04.2023) | 2000/- | 1180/ | 8.08.2025 05:00 PM To 18.08.2025 11:00 AM | 18.08.2025 02:00 PM | One year | 2025_HBC 458508_1 |

**Contractors/Societies.**

Note: Rs. 1180/- for e-servicing fee excluding tender fee will be charges as per Govt. instructions for further details and e-tendering schedule visit web-site http://etenders.hry.nic.in.

1. The payment for Tender Document Fee and e-Service Fee shall be made by eligible bidders online directly through Internet Banking Accounts and the payment for EMD can be made online directly through RTGS/NEFT. Please refer to 'Online Payment Guideline" available at the Single e-Procurement portal of Govt. of Haryana and also mentioned under the Tender Document.
2. The interested bidders must remit the funds at least T +1 working day (Transaction day +one working day) in advance i.e. on or before (Mention Date & Time); **and make payment via RTGS/NEFT to the beneficiary account number specified under the online generated challan. The intended bidder/Agency thereafter will be able to successfully verify their payment online and submit their bids on or before the expiry date & time of the respective events/Tenders at** http://e-tenders.hry.nic.in
3. Only online Technical Bids will be accepted, offline Technical Bids will not be accepted.

**Sd/- Secretary-cum-E.O.**
**Market Committee, Rohtak**

## हरियाणा लोक सेवा आयोग
### बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला

**विज्ञापन सं. 19/2025** **प्रकाशन की तिथि : 08.08.2025**

आयोग (i) लोक निर्माण (भ व प) विभाग, हरियाणा में असिस्टेंट इंजीनियर (सिविल) (ii) नगर निगम, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा में म्यूनिसिपल इंजीनियर (सिविल) और (iii) विकास एवं पंचायत विभाग, हरियाणा में सब डिवीजनल इंजीनियर (सिविल) पंचायती राज के ग्रुप-I पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

पदों का श्रेणी वार ब्रेक-अप निम्नानुसार है :-

| क्र. सं. | विज्ञा. सं. 19/2025 | पदों का नाम व विभाग | सामान्य/ यूआर | एससी | | पिछड़ी श्रेणियां | | हरि. के ईडब्ल्यूएस | कुल | ईएसएम (हॉरिजंटल) | | पीडब्ल्यूबीडी (अंधता अथवा न्यून दृष्टि) ((ए) पीडब्ल्यूबीडी में निर्धारित (श्रवण बाधिता) (बी) पीडब्ल्यूबीडी में निर्धारित (लोकोमोटर्स अक्षमता अथवा सेरेब्रल पाल्सी) (सी) पीडब्ल्यूबीडी में निर्धारित (मल्टीपल डिसेबिलिटीज निर्देश दिनांक 11.07.2023 में (डी और ई में निर्धारित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | हरि. के डीएससी | हरि. के ओएससी | हरि. के बीसीए | हरि. के बीसीबी | | | सामान्य/ यूआर | एससी | |
| 1. | (i) | लोक निर्माण (भ व प) विभाग, हरियाणा में असिस्टेंट इंजीनियर (सिविल) | 43 | 08 | 08 | 08 | 05 | 08 | 80 | 02 | 01 | पीडब्ल्यूबीडी (अंधता अथवा न्यून दृष्टि)=01 पीडब्ल्यूबीडी (श्रवण बाधिता)=01 पीडब्ल्यूबीडी (लोकोमोटर्स अक्षमता अथवा सेरेब्रल पाल्सी)=01 पीडब्ल्यूबीडी (मल्टीपल डिसेबिलिटीज)=01 |
| 2. | (ii) | नगर निगम, शहरी स्थानीय निकाय विभाग, हरियाणा में म्यूनिसिपल इंजीनियर (सिविल) | 27 | 05 | 04 | 05 | 02 | 04 | 47 | 01 | -- | अंधता और न्यून दृष्टि-01 बधिर और श्रवण बाधित-01 |
| 3. | (iii) | विकास एवं पंचायत विभाग, हरियाणा में सब डिवीजनल इंजीनियर (सिविल) पंचायती राज | 13 | 03 | 02 | 03 | 02 | 03 | 26 | -- | -- | 1. अंधता और न्यून दृष्टि-01 2. सेरेब्रल पाल्सी समेत लोकोमोटर्स अक्षमता, कुष्ठ उपचारित, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित और मस्कुलर डिस्ट्रॉफी-01 3. (ए) ऑटिज्म बौद्धिक विकलांगता, विशिष्ट अधिगम विकलांगता और मानसिक रोग (बी) खंड (ए) से (डी) के अंतर्गत आने वाले व्यक्तियों में से बहु विकलांगताएं, जिनमें बधिर-अंधापन शामिल है-01 |
| | कुल योग | | 83 | 16 | 14 | 16 | 09 | 15 | 153 | 03 | 01 | 09 |

ए) ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु प्रारम्भिक तिथि : 12.08.2025
बी) ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि : 01.09.2025 **अप. 05:00 बजे तक**
सी) शुल्क जमा हेतु अन्तिम तिथि : 01.09.2025 **अप. 05:00 बजे तक**
विस्तृत जानकारी के लिये, लॉग ऑन करें https://hpsc.gov.in

दिनांक : 08.08.2025

**हस्ता/- सचिव**
**हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला**

## हरियाणा लोक सेवा आयोग
### बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला

**विज्ञापन सं. 18 ऑफ 2025** **प्रकाशन की तिथि : 08.08.2025**

1. **पद का नाम और पदों का श्रेणीवार विभाजन**

आयोग अभियोजन विभाग, हरियाणा में सहायक जिला न्यायवादी के पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

पदों का श्रेणी वार ब्रेक-अप निम्नानुसार है :-

| सामान्य /यूआर | एससी | | पिछड़ी श्रेणियां | | ईडब्ल्यूएस | कुल | ईएसएम (यूआर) | ईएसएम (एससी) | ईएसएम (बीसी-ए) | ईएसएम (बीसी-बी) | पीडब्ल्यूबीडी (लोकोमोटर्स अक्षमता अथवा सेरेब्रल पाल्सी) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ओएससी | डीएससी | बीसीए | बीसीबी | | | | | | | |
| 134 | 26 | 26 | 28 | 15 | 26 | 255 | 7 | 2 | 3 | 2 | 14 (ओएच) |

ए) ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु प्रारम्भिक तिथि : 13.08.2025
बी) ऑनलाइन आवेदन जमा करवाने हेतु अन्तिम तिथि : 02.09.2025 **अप. 05:00 बजे तक**
सी) शुल्क जमा हेतु अन्तिम तिथि : 02.09.2025 **अप. 05:00 बजे तक**
विस्तृत जानकारी के लिये, लॉग ऑन करें http://hpsc.gov.in

दिनांक : 08.08.2025

**हस्ता/- उप सचिव**
**हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला**

## हरियाणा लोक सेवा आयोग
### बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला

## घोषणा

सभी उम्मीदवारों की जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि भूगोल विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) के पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा जो 17.08.2025 को पूर्वा. 10.00 बजे से अप. 1.00 बजे तक आयोजित की जानी निर्धारित थी, एतद द्वारा नीचे वर्णितानुसार पुनः निर्धारित की गई है :-

| क्र. सं. | पद और विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा का प्रकार | परीक्षा की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में भूगोल विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 51/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | 17.08.2025 अप. 02.30 बजे से अप. 05.30 बजे तक |

दिनांक : 08.08.2025

**हस्ता/- उप सचिव**
**हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला**

## हरियाणा लोक सेवा आयोग
### बेज नं. 1–10, ब्लॉक–बी, सेक्टर–4, पंचकूला

## घोषणा

सभी उम्मीदवारों की जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने इसकी घोषणा दिनांक 18.07.2025 के तहत इतिहास विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) के पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा, जो पूर्व में 20.07.2025 को निर्धारित थी, को स्थगित कर दिया गया था। अब, आयोग ने इतिहास विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर के पद के लिए विषय ज्ञान परीक्षा नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा का प्रकार | परीक्षा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में इतिहास विषय में असिस्टेंट प्रोफैसर (कॉलेज कैडर) | 53/2024 | विषय ज्ञान परीक्षा | 14.09.2025 पूर्वा. 10:00 बजे से अप. 01:00 बजे तक |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 08.09.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

आगे यह स्पष्ट किया जाता है कि सभी उम्मीदवार जो उपरोक्त पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा हेतु क्वालीफाइड हो चुके हैं, को परीक्षा में उपस्थित होने के लिए अंतरिम रूप से अनुमति दी जा रही है, जो विज्ञापन के अनुरूप सभी पात्रता शर्तें पूर्ण करने के अधीन है।

**टिप्पणियां :-**

1. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। 20.07.2025 के लिए निर्धारित परीक्षा हेतु डाउनलोड किए गए प्रवेश-पत्र अब वैध नहीं है।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 08.08.2025

**हस्ता/- उप सचिव**
**हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला**

## हरियाणा लोक सेवा आयोग
### बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

## शुद्धिपत्र

यह विभिन्न समाचार-पत्रों में 13.04.2023 को प्रकाशित विज्ञापन सं. 23/2023, जिसके तहत वित्त विभाग, हरियाणा में ट्रेजरी ऑफिसर के 05 पदों और असिस्टेंट ट्रेजरी ऑफिसर के 30 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे, के आंशिक रूपांतरण में है। आयोग ने पोर्टल को पुनः खोलने का निर्णय लिया है। सभी उम्मीदवार जो विज्ञा. 23/2023 के तहत आवेदन कर चुके थे, को अपने आवेदन अपडेट करने अथवा नये आवेदन प्रपत्र भरने का निर्देश दिया जाता है। नये उम्मीदवार भी आवेदन कर सकते हैं।

उम्मीदवारों को एतद द्वारा ऑनलाइन लिंक अर्थात http://hpsc.gov.in के माध्यम से आवेदन करने का परामर्श दिया जाता है। लिंक 11.08.2025 से और 01.09.2025 को अप. 5.00 बजे तक उपलब्ध होगा।

विस्तृत योग्यताएं और शुद्धिपत्र के नियम व शर्तें आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध हैं।

दिनांक : 08.08.2025

**हस्ता/- उप सचिव**
**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
**पंचकूला**

संवाद-1156/13/344/2026/37496/88/6 दि. 08.08.25

**खबर संक्षेप**

### हत्या कर बाथरूम में शव छुपाने के दो आरोपी धरे

**गुरुग्राम।** पटौदी के हेलीमंडी एरिया में युवक की हत्या कर सरकारी स्कूल के बाथरूम में शव छुपाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों ने वारदात को अंजाम युवक द्वारा दबंगी दिखाने के चलते दिया था। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। दरअसल, हेलीमंडी के सरकार स्कूल में स्कूल की छुट्टियां खत्म होने के बाद जब स्कूल खुला तो टीचरों ने स्कूल के बरामदे में खून के निशान देखे। इन निशान के पीछे वह बाथरूम में गए तो सड़ी हुई अवस्था में एक शव मिला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

### कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर हजारों की चपत

**गुरुग्राम।** साइबर क्राइम वेस्ट थाना एरिया में जालसाज ने क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर एक युवक को 52,403 रुपए की चपत लगा दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने केस दर्ज कर छानबीन शुरु कर दी। गुरुग्राम के शिवपुरी निवासी राजेंद्र कुमार ने कहा कि उनके पास पांच जून को एक कॉल आई। जिसमें कॉलर ने खुद को एचडीएफसी बैंक से बताया और उसे क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने की ऑफर दी।

### डिजिटल अरेस्ट के नाम पर ठगी, आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने डिजिटल अरेस्ट कर ठगी करने के मामले में खाताधारक को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना सैंट्रल में धीरज नगर फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने शिकायत दी जिसमें आरोप लगाया की 27 नवंबर 2024 को उसके फोन पर एक व्यक्ति का फोन आया जिसने स्वयं को ट्राई का कर्मचारी बताया फिर उन्होंने बताया कि उसका मोबाईल नंबर मनी लॉन्ड्रिंग व अश्लील मैसेज भेजने में प्रयोग हुआ है तथा उसे मुंबई क्राईम ब्रांच में फोन करने के लिए कहा जिन्होंने मेरा 300 करोड के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में अभियुक्त होना बताया।

### तस्करों से स्मैक, नकदी व स्कोर्पियो गाड़ी बरामद

**फरीदाबाद।** अपराध शाखा बॉर्डर व अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने 2 आरोपियों को 15.15 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया है। शाहिल निवासी नेहरु कालोनी फरीदाबाद को सैक्टर-12 फरीदाबाद से 12.15 ग्राम स्मैक सहित व अपराध शाखा एनआईटी की टीम ने आशिक निवासी शर्मा चौक एसजीएम नगर को 3 ग्राम स्मैक सहित सेक्टर 48 एरिया से काबू किया है। जिनके विरुद्ध संबंधित थानो में एनडीपीएस की धारा के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है।

### पुलिस ने 32 महिलाओं को गंतव्य तक पहुंचाया

**फरीदाबाद।** पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता के दिशा निर्देश के




अंतर्गत महिला ईआरवी टीम व दुर्गा शक्ति की टीम द्वारा महिला सुरक्षा की दिशा में बेहतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में बेहतर प्रयास करते हुए जुलाई माह में रात्रि के समय अपने गंतव्य तक पहुंचने में असमर्थ 32 महिलाओं को सुरक्षित उनके घर तक पहुंचाकर महिला सुरक्षा व कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने का सराहनीय कार्य किया है। फरीदाबाद पुलिस के द्वारा महिला सुरक्षा को लेकर लगातार जागरुकता कार्यक्रम किये जा रहे।

## गुरुग्राम में मानेसर क्राइम ब्रांच द्वारा पकड़ा गया कुख्यात अपराधी

# सिंगर राहुल फाजिलपुरिया की रेकी करने वाले बदमाश 'पेट्रोल' का एनकाउंटर

## हिसार से गुरुग्राम आया था, पुलिस ने घेरा तो 4 राउंड फायरिंग की

- आरोपी सिरसा का रहने वाला रमनदीप उर्फ पेट्रोल के पैर में गोली लगी
- गुरुग्राम में क्राइम ब्रांच और कुख्यात बदमाश के बीच मुठभेड़



**गुरुग्राम।** अस्पताल में उपचाराधीन पुलिस एनकाउंटर में घायल वांछित अपराधी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

सिंगर राहुल फाजिलपुरिया की रेकी करने वाले का गुरुग्राम पुलिस ने एनकाउंटर कर दिया है। आरोपी सिरसा का रहने वाला रमनदीप उर्फ पेट्रोल के पैर में गोली लगी है जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी पर आधा दर्जन से भी ज्यादा संगीन अपराध के मामले दर्ज हैं जिनमें वह वांछित चल रहा था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त हथियार सहित बाइक भी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, मानेसर क्राइम ब्रांच के प्रभारी एसआई ललित कुमार को सूचना मिली थी कि संगीन वारदातों में प्रयुक्त एक आरोपी मानेसर से पचगांव की तरफ जाएगा। सूचना के आधार पर क्राइम ब्रांच ने नाकाबंदी की। कुछ देर बाद एक युवक बाइक पर आते दिखाई दिया। जिसे रोकने का प्रयास किया तो वह भागने लगा और बाइक सहित गिर गया। पुलिस के मुताबिक, पास ही मौजूद वह किसी पत्थर आदि का सहारा लेकर पुलिस पर फायरिंग करने लगा। इसी पर जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस ने फायरिंग करते हुए उसके पैर में गोली मारी और काबू कर लिया। पुलिस टीम द्वारा आगामी कार्यवाही करते हुए पुलिस की फिंगरप्रिंट, एफएसएल, सीन-ऑफ-क्राईम की टीमों को घटनास्थल पर बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया। घटनास्थल से एक पिस्टल, छह खाली खोल कारतूस (चार आरोपी की तरफ से किए गए फायर के तथा दो पुलिस की तरफ से किए गए फायर के) व एक बाइक बरामद की गई।

पुलिस प्रवक्ता एएसआई संदीप ने बताया कि आरोपी रमनदीप उर्फ पेट्रोल के खिलाफ हत्या करने का प्रयास, लूट, डकैती व मादक पदार्थ रखने/बेचने आदि अपराधों के आठ केस दर्ज हैं। जिनमें से ज्यादातर में केस में आरोपी वांछित अपराधी है। इन सभी मामलों में उसकी तलाश थी। पुलिस टीम द्वारा घायल आरोपी रमनदीप को इलाज के लिए हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है, जिसे हॉस्पिटल से डिस्चार्ज करने के उपरान्त केस में नियमानुसार गिरफ्तार किया जाएगा।

**रुकने के इशारे पर दनादन फायरिंग**

प्रवक्ता के मुताबिक, देर रात करीब एक बजे एक संदिग्ध व्यक्ति को आता देख पुलिस ने उसे रुकने का इशारा किया। लेकिन, संदिग्ध ने भागने की कोशिश की और पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। इस पर जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोलीबारी की। इसमें एक गोली रमनदीप को लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने तत्काल उसे काबू में लिया और इलाज के लिए सरकारी अस्पताल पहुंचाया।

**1 पिस्टल और 6 खाली खोल मिले**

घटनास्थल का एफएसएल और सीन-ऑफ-क्राइम की टीमों ने निरीक्षण किया। जहां से उन्हें 1 पिस्टल, 6 गोलियों के खाली खोल व एक बाइक भी बरामद हुई। सभी चीजों को टीम ने अपने कब्जे में ले लिया है।

**एक दर्जन से ज्यादा मामले दर्ज**

प्रवक्ता संदीप कुमार के मुताबिक, पुलिस मुठभेड़ में पकड़ा गया रमनदीप उर्फ पेट्रोल एक कुख्यात अपराधी है, जिसके खिलाफ पहले से ही आधा दर्जन से ज्यादा संगीन मामले दर्ज हैं । ये मामले हत्या के प्रयास, लूट, और अन्य गंभीर अपराधों से जुड़े हैं। पुलिस को लंबे समय से उसकी तलाश थी। फिलहाल, उसका अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है।

**5 करोड़ के लेन-देन को लेकर की थी फायरिंग**

हरियाणवी सिंगर राहुल यादव फाजिलपुरिया पर 5 करोड़ रुपए के लेन-देन को लेकर फायरिंग करने का दावा किया गया था। सुनील सरधानिया नाम के व्यक्ति ने सोशल मीडिया पर हमले की जिम्मेदारी ली थी। उसने दावा किया था कि फाजिलपुरिया ने रुपए लिए और जब सेलिब्रिटी बन गया तो फोन उठाना बंद कर दिया। उसने फाजिलपुरिया को एक महीने का टाइम देते हुए कहा कि रुपए वापस कर, इस मामले को खत्म करे वर्ना हर महीने उसके एक जानकार या रिश्तेदार को मारा जाएगा। उसने ये भी दावा किया कि उसका मकसद सिर्फ फाजिलपुरिया को डराना था।



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़ व राजस्थान में आधा दर्जन केस दर्ज**

# गैंगस्टर पपला को भगाने में शामिल भूप सिंह गिरफ्तार

- 3 देशी पिस्टल और 22 जिंदा कारतूस भी मिले
- आरोपित भूपसिंह के साथ उसका एक और साथी भी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सीआईए पुलिस टीम ने निजामपुर क्षेत्र से अवैध हथियारों व जिंदा कारतूसों के साथ दो आरोपित भूप सिंह व देवेन्द्र वासी सादा की ढाणी मूसनोता को गिरफ्तार किया है। आरोपित भूप सिंह के खिलाफ महेंद्रगढ़ व राजस्थान में पहले भी आधा दर्जन मामले दर्ज हो चुके हैं। यहीं नहीं, इनमें से एक आरोपित भूपसिंह है, जिस पर महेंद्रगढ़ अदालत में से गैंगस्टर विक्रम उर्फ पपला को फरार करवाने में सहयोग रहा है। मुख्यालय नारनौल उप–पुलिस अधीक्षक भारत भूषण ने शुक्रवार प्रेस वार्ता में बताया कि महेंद्रगढ़ पुलिस द्वारा अवैध हथियार के शौकीन/अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। जिनके तहत सीआईए नारनौल की पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए निजामपुर क्षेत्र में नांगल दर्गु से पहले मूसनोता कट पर काली माता मन्दिर के पास से अवैध हथियारों व जिंदा कारतूसों के साथ गुप्त सूचना के आधार पर दो आरोपित भूप सिंह व देवेन्द्र को गिरफ्तार किया है। यह दोनों ही वासी सादा की ढाणी मूसनोता के रहने वाले है। पुलिस ने आरोपित भूप सिंह से दो अवैध देसी पिस्टल और 17 जिंदा कारतूस बरामद किए है। दूसरे आरोपित देवेंद्र से एक अवैध देसी पिस्टल व पांच जिंदा कारतूस बरामद किए है। आरोपित भूप सिंह के खिलाफ मारपीट, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट व अन्य धाराओं के तहत पहले भी छह मामले दर्ज थे। आरोपितों के खिलाफ थाना निजामपुर में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपितों को शुक्रवार न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा आरोपितों से अवैध हथियारों के बारे में पूछताछ की जा रही है।

**सात अगस्त को सुबह 11 बजकर 28 मिनट पर काल आई**

# महिला चिकित्सक से मांगी 20 लाख की फिरौती, कहा-रुपये दे दो, नहीं तो गोली मार देंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

शहर की निजी अस्पताल की महिला चिकित्सक से बदमाशों ने मोबाइल फोन कर 20 लाख रुपये की फिरौती मांगी है। फिरौती नही दी तो गोली मार दूंगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन थाना पुलिस को दी शिकायत में मुस्कान अस्पताल की संचालिका डा. मोनिका पूनिया ने बताया कि सेक्टर सात-आठ के डिवाइडिंग रोड पर सिविल लाइन थाना के सामने ही उनका अस्पताल है। सिविल अस्पताल में डॉक्टर की नौकरी के बाद उसने अपना खुद का अस्पताल खोला हुआ था। सात अगस्त को सुबह 11 बजकर 28 मिनट से लेकर 11 बजकर 55 मिनट के बीच उसके पास अज्ञात नंबर से कॉल आई। उसने उठाया तो सामने वाले ने धमकी देते हुए कहा कि 20 लाख रुपये का इंतजाम कर लो नहीं तो गोली मार दूंगा। इससे डा. मोनिका पूनिया घबरा गई और उसने अपने पति को घटना के बारे में जानकारी दी। इसके बाद परिवार के लोग एसपी कुलदीप सिंह से मिले और मामले की शिकायत दी। सिविल लाइन पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शुक्रवार को जानकारी देते हुए सिविल लाइन पुलिस के अधिकारी ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच शुरू कर दी है। महिला चिकित्सक को मोबाइल पर सीधा फोन किया गया था। जिस नंबर से फोन आया है, उसकी डिटेल निकलवाई जा रही है।



सात अगस्त को सुबह 11.28 मिनट से लेकर 11 बजकर 55 मिनट के बीच उसके पास अज्ञात नंबर से कॉल आई

डा. मोनिका, जिनसे फिरौती मांगी गई।

**व्हाट्स एप पर कुछ भेजा है**

डॉक्टर ने आगे कहा कि 7 अगस्त की सुबह 11 बजकर 28 मिनट पर मेरे पास अज्ञात नंबर से कॉल आई। उस समय मैं अस्पताल में मरीज देख रही थी। कॉल करने वाले ने कहा कि आपको कुछ वॉट्सऐप किया है, इसके बाद कॉल कट कर दी।

**इतने पैसे कहां से आएंगे**

डॉ. मोनिका ने कॉल करने वाले व्यक्ति से कहा कि आप वैसे ही बता दो मैं मैसेज चेक नहीं करती। इस पर व्यक्ति ने कहा कि 20 लाख रुपए दे दो नहीं तो गोली मार दूंगा। इस पर मैंने कहा कि मैं तो डॉक्टर हूं, मेरे पास इतने पैसे कहां से आएंगे।

**कैथल का रहने वाला आरोपी गिरफ्तार**

# नशे में रोडवेज की बस चुराई, वर्कशॉप में घुसा चोर स्टार्ट कर मामा के घर ले गया, वहां जाकर सो गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

शराब के नशे में एक चोर गुरुवार रात्रि पिहोवा बस अड्डे की वर्कशॉप से रोडवेज की एक बस चोरी करके फरार हो गया। हालांकि जिला कुरुक्षेत्र पुलिस ने बस स्टैंड पेहवा से बस चोरी करने के आरोपी को चंद घंटों में गिरफ्तार भी कर लिया। थाना शहर पेहवा पुलिस टीम ने बस स्टैंड से बस चोरी चोरी करने के आरोप में गुरप्रीत सिंह वासी नांगल जिला कैथल को गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि थाना शहर पिहोवा में दी अपनी शिकायत में सतपाल सिंह निरीक्षक हरियाणा रोडवेज सब डिपो पिहोवा जिला कुरुक्षेत्र ने बताया कि 7 अगस्त को दोपहर बाद करीब 4:30 बजे उन्होंने रोडवेज की बस को बस स्टैंड पेहवा में खड़ा किया था। शुक्रवार को उन्होंने देखा तो उनकी बस वहां नहीं मिली जिसको कोई नामपता नामालूम चोर चोरी करके ले गया। जिसकी शिकायत पर थाना शहर पेहवा में मामला दर्ज करके जांच की गई। थाना शहर पेहवा प्रभारी निरीक्षक नरेश कुमार के दिशा-निर्देश में उप निरीक्षक महेंद्र सिंह व मुख्य सिपाही आत्मा राम की टीम ने बस स्टैंड से बस चोरी करने के आरोपी गुरप्रीत सिंह वासी नांगल जिला कैथल को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से चोरीशुदा बस गांव असमानपुर से बरामद की गई। आरोपी को माननीय अदालत में पेश करके अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया।



कुरुक्षेत्र। पुलिस गिरफ्त में बस चोरी का आरोपी गुरप्रीत सिंह। फोटो : हरिभूमि

**आरोपी ने पहले भी चोरी की थी कैथल डिपो की बस**

आरोपी मार्च 2025 में कैथल डिपो की एक बस चीका से चोरी की थी। जहां पर मामला दर्ज करके कैथल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया था। **-नरेश कुमार**, थाना शहर पेहवा प्रभारी निरीक्षक

**17 अगस्त 2022 को केस दर्ज किया गया था**

# नाबालिग से रेप के दोषी को 25 साल की कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

बिलासपुर थाना एरिया में पांच साल की बच्ची से रेप करने के मामले में एडीजे जैस्मीन शर्मा की अदालत ने आरोपी को दोषी करार देते हुए 25 वर्ष की कैद की सजा सुनाई। बिलासपुर थाना पुलिस में 17 अगस्त 2022 को एक व्यक्ति ने शिकायत दर्ज कराई। जिसमें आरोप लगाया कि उसकी पांच साल की बच्ची रात में बेड से उठाकर घर के बाहर झाडिय़ों में ले जाया गया और उसके साथ रेप किया गया। बिलासपुर पुलिस ने इस संबंध में



आरोपी विकास यादव निवासी कल्याणी देवी मंदिर, जिला इलाहाबाद (उत्तर-प्रदेश) को गिरफ्तार कर लिया। जिसके बाद पुलिस टीम द्वारा जांच करते हुए आरोपी के खिलाफ सभी जरूरी साक्ष्य व गवाह जुटाकर अदालत में पेश किए गए। साक्ष्यों व गवाहों के आधार पर शुक्रवार को एडीजे जैस्मीन शर्मा की अदालत ने दुष्कर्म मामले में फैसला सुनाते हुए आरोपी को दोषी करार देते हुए 25 साल की सजा सुनाई है।

**सीआईए धारूहेड़ा ने काबू किया आरोपी पति, दो साथियों की तलाश में जुटी पुलिस**

# रास नहीं आई पत्नी की बेवफाई, सुसाइड करने का फैसला बदला, पत्नी को ही मौत के घाट उतारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बीते 5 अगस्त को धारूहेड़ा की द्वारकाधीश सोसायटी के पास हुई महिला की हत्या के आरोप में सीआईए धारूहेड़ा ने उसके पति को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तारी के साथ ही आरोपी पति ने इस बात का खुलासा किया है पत्नी के चरित्र पर संदेह होने के बाद उसने सुसाइड करने का फैसला कर लिया था, परंतु ऐन मौके पर उसका पत्नी के साथ झगड़ा हो गया। उसने पत्नी की जमकर पिटाई की। अंदरूनी चोटों के कारण उसकी पत्नी की मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद एक दिन के रिमांड पर लिया है। प्राइवेट स्कूल की बस चलाने वाले राजस्थान के सिलापुर शेखपुरा निवासी सुनील उर्फ संदीप ने 27 जुलाई 2023 को राजस्थान के मिलकपुरी निवासी मुस्लिम महिला बशमीना के साथ शादी कर ली थी। महिला के मायके पक्ष के लोगों ने सुनील और उसके परिजनों के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कराया था। उस समय दोनों के तीन-तीन बच्चे थे। बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया, जिससे सुनील और बशमीना साथ-साथ रहने लगे थे। शादी करने के बाद बशमीना ने अपना नाम बदलकर सपना रख लिया था। 8 माह पहले सपना ने एक लड़की को जन्म दिया था। सुनील धारूहेड़ा में एक प्राइवेट स्कूल की बस चलाता था। उसकी पत्नी का शव 6 अगस्त को सुबह चारपाई पर पड़ा मिला था।



**रेवाड़ी।** पुलिस गिरफ्त में महिला की हत्या का आरोपी।

**दोनों दोस्तों की तलाश की जा रही**

सीआईए धारूहेड़ा ने पत्नी की हत्या के आरोप में सुनील को गिरफ्तार कर लिया है। दीवार पर जिन दो लोगों के नाम लिखे गए थे, वह सुनील के साथी बस चालक रहे हैं। हत्याकांड की तह तक जाने के लिए दोनों आरोपियों की तलाश की जा रही है। सुनील को पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया गया है।

### पति से झगड़ा होने पर महिला ने कीटनाशक पीकर की खुदकुशी

**गुरुग्राम।** सेक्टर-14 एरिया में किसी बात पर पति से झगड़ा हाने पर एक महिला ने कीटनाशक पीकर खुदकुशी कर ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मामले में जांच कर रही है। जानकारी अनुसार, गुडग़ांव के राजीव नगर में रहने वाली 22 वर्षीया सोनिया का पति मजदूरी करता है। सोनिया का वीरवार की बाद दोहपहर किसी बात पर अपने पति से झगड़ा हो गया था। जिसके चलते उसने गुस्से में घर में रखा कीटनाशक निगल लिया। तबियत बिगडऩे पर उसे अस्पताल पहुंचाया गया। जहां उसकी मौत हो गई।

# दुर्घटना में ट्रक चालक की मौत, परिचालक घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव मदाना के नजदीक हुई दो ट्रकों की टक्कर में एक ट्रक चालक की मौत हो गई और परिचालक घायल हो गया। मृतक की पहचान रेवाड़ी जिले के बोलनी गांव निवासी अनिल कुमार के तौर पर हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अनिल कुमार अपने साथी परिचालक धर्मेंद्र के साथ पंजाब से बावल जा रहा था। शुक्रवार की अलसुबह करीब साढ़े तीन बजे जब वे मदाना गांव के नजदीक पहुंचे तो उनके आगे चल रहे ट्रक ने अचानक ब्रेक लगा दिए जिस कारण उनका ट्रक आगे वाले ट्रक से जा टकराया। इस भिडंत में घायल दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने अनिल कुमार को मृत घोषित कर दिया। आरोपी ट्रक चालक अपने ट्रक को लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस द्वारा घायल परिचालक धर्मेंद्र के बयान पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।



**झज्जर।** मृतक अनिल कुमार का फाइल फोटो। अस्पताल परिसर में कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिसकर्मी।

# मुख्यमंत्री उड़नदस्ते ने एनआईटी क्षेत्र में दुकान पर 60 चाइनीज मांझा पाए जाने पर दर्ज कराया केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद

गुप्तचर इकाई एनआईटी फरीदाबाद से सूचना प्राप्त हुई की जवाहर कॉलोनी गुरुद्वारा रोड पर आईएफएल बैंक के नजदीक इलाका थाना सारन में प्रतिबंधित चाईनीज मांझा बेचा जा रहा है जबकि चाईनीज मांझा सरकार द्वारा बेचने पर रोक लगाई हुई है। क्योकि चाईनीज मांझा से आये दिन दुर्घटनाए होती रहती है। इस संबध मे संबंधित विभाग के साथ कार्यवाही की जाए तो कई दुकानो पर चाईनीज मांझा मिल सकता है। इस संबंध मे मुख्यमंत्री उड़न दस्ता द्वारा स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई तथा स्थानीय पुलिस के साथ गुरुद्वारा रोड पर आईएफ एल बैंक के नजदीक पतंग बेचने वाली दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अली खान पुत्र अमीन खान निवासी दुकान नम्बर 25 जवाहर कालोनी गुरुद्वारा रोड दुकान पर पतंग उडाने के लिए चाइनीज मांझा बेचा जाना पाया गया जबकि सरकार के आदेशानुसार यह बेचना प्रतिबंधित है निरीक्षण पर अली खान की दुकान से एक बडे कार्टून मे रखें कुल 60 बड़े चाईनीज मांझा मिले है। इस प्रकार उपायुक्त के आदेश धारा 163 बीएनएस की अवहेलना करनी पाई गई।



# नशीली दवाइयां और इंजेक्शन रखने का आरोपी डाक्टर काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला चीका

चीका क्षेत्र में एक नर्सिंग होम पर नशीली दवाइयां व इंजेक्शन रखने के मामले की जांच थाना चीका एसएचओ पीएसआई अमन कुमार की अगुवाई में एसआई राजेश कुमार की टीम द्वारा आरोपी चीका निवासी डॉ अमन सिंगला को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ड्रग कंट्रोलर आफिसर चेतन वर्मा की शिकायत अनुसार 7 अगस्त सांयकालीन को डॉ सचिन, डॉ परल व डॉ राजेश कुमार की टीम द्वारा चीका पटियाला रोड पर स्थित रोहतक नर्सिंग होम का आकस्मिक निरीक्षण दौरान डॉ अमन सिंगला के घर से प्रतिबंधित 2205 नशीली दवाइयां व 105 नशीले एम्पूले इंजेक्शन बरामद हुए। जिन बारे डॉ अमन सिंगला काई दस्तावेज पेश नहीं कर सका। जिस बारे थाना चीका में मामला दर्ज करके आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी शुक्रवार को अदालत में पेश किया जाएगा, जिससे पूछताछ की जा रही है।

## पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के तुलना में 11 फीसदी अधिक

# सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने पहली तिमाही में रिकॉर्ड 44,218 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की अगुवाई में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में संचयी रूप से 44,218 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड मुनाफा कमाया। यह पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की तुलना में 11 प्रतिशत अधिक है। बीते वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल-जून तिमाही में सार्वजनिक क्षेत्र के सभी 12 बैंकों ने कुल मिलाकर 39,974 करोड़ रुपये का लाभ कमाया। कुल मिलाकर लाभ में 4,244 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई। शेयर बाजारों पर प्रकाशित आंकड़ों के अनुसार, एसबीआई ने अकेले 44,218 करोड़ रुपये के कुल लाभ में 43 प्रतिशत का योगदान दिया।

### ओवरसीज बैंक ने सर्वाधिक 76 फीसदी की वृद्धि अर्जित की

एसबीआई ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 19,160 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। चेन्नई स्थित इंडियन ओवरसीज बैंक ने सर्वाधिक 76 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,111 करोड़ रुपये शुद्ध लाभ अर्जित किया, जिसके बाद पंजाब एंड सिंध बैंक का शुद्ध लाभ 48 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 269 करोड़ रुपये रहा।




- सभी 12 बैंकों ने कुल मिलाकर 39, 974 करोड़ का लाभ कमाया
- एसबीआई ने अकेले 44,218 करोड़ रुपए का योगदान दिया
- एसबीआई ने पहली तिमाही में 19,160 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया

### पीएनबी को छोड़ सभी बैंकों के लाभ में इजाफा

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) को छोड़कर, बाकी सार्वजनिक क्षेत्र के सभी 12 बैंकों के मुनाफे में वृद्धि हुई है। पीएनबी का शुद्ध लाभ 48 प्रतिशत घटकर 1,675 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 3,252 करोड़ रुपये था।

### सेंट्रल बैंक के लाभ में 32 फीसदी का इजाफा

सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 32.8 प्रतिशत बढ़कर 1,169 करोड़ रुपये, इंडियन बैंक का शुद्ध लाभ 23.7 प्रतिशत बढ़कर 2,973 करोड़ रुपये और बैंक ऑफ महाराष्ट्र का शुद्ध लाभ 23.2 प्रतिशत बढ़कर 1,593 करोड़ रुपये रहा।

### एसबीआई का लाभ 12% बढ़कर 19,160 करोड़ रुपए

देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एकल शुद्ध लाभ 12 प्रतिशत बढ़कर 19,160 करोड़ हो गया। बैंक का गत वित्त वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में शुद्ध लाभ 17,035 करोड़ रुपये रहा था।

### कुल आय बढ़कर 1,35,342 करोड़

भारतीय स्टेट बैंक ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि अप्रैल-जून तिमाही में उसकी कुल आय बढ़कर 1,35,342 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले 1,22,688 करोड़ रुपये थी। बैंक द्वारा अर्जित ब्याज आय बढ़कर 1,17,996 करोड़ रुपये हो गई, जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में यह 1,11,526 करोड़ रुपये थी। परिचालन लाभ भी सालाना आधार पर 26,449 करोड़ रुपये से बढ़कर 30,544 करोड़ रुपये हो गया।

### एनपीए घटकर 1.83 फीसदी रहा

परिसंपत्ति गुणवत्ता की बात करें तो बैंक की जून तिमाही के अंत में सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) घटकर सकल अग्रिमों का 1.83 प्रतिशत रह जाने के साथ इसमें सुधार हुआ जो एक साल पहले 2.21 प्रतिशत थी। इसी प्रकार, शुद्ध एनपीए या खराब ऋण भी सालाना आधार पर 0.57 प्रतिशत से घटकर 0.47 प्रतिशत हो गया।

## अमेरिकी शुल्क से भारत के वृद्धि दर पर पड़ेगा असर : मूडीज

**नई दिल्ली।** रेटिंग एजेंसी मूडीज ने शुक्रवार को कहा कि अगर अमेरिका 27 अगस्त से भारतीय निर्यात पर कुल 50 प्रतिशत आयात शुल्क लागू कर देता है तो वित्त वर्ष 2025-26 में भारत की आर्थिक वृद्धि दर घटकर छह प्रतिशत रह जाएगी। यह अनुमान चालू वित्त वर्ष के लिए 6.3 प्रतिशत वृद्धि दर के मौजूदा पूर्वानुमान से 0.3 प्रतिशत अंक कम है। हालांकि रेटिंग एजेंसी ने कहा कि भारत की मजबूत घरेलू मांग और सेवाओं के क्षेत्र की मजबूती अमेरिकी शुल्क के दबाव को कुछ हद तक कम करने में सफल रहेगी। मूडीज ने कहा कि उच्च अमेरिकी शुल्क पर भारत की प्रतिक्रिया से ही यह तय होगा कि इसकी आर्थिक वृद्धि, मुद्रास्फीति और बाहरी स्थिति पर इसका क्या असर होगा।

### रूसी तेल खरीदी को लेकर सरकार से कोई निर्देश नहीं

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी एचपीसीएल के चेयरमैन विकास कौशल ने शुक्रवार को कहा कि सरकार ने रूसी तेल की खरीद को रोकने या जारी रखने को लेकर कोई निर्देश नहीं दिया है और पेट्रोलियम कंपनियां केवल आर्थिक आधार पर इस बारे में फैसला कर रही हैं। हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) के तिमाही नतीजों पर निवेशकों के साथ चर्चा के दौरान कौशल ने कहा कि अप्रैल-जून तिमाही में एचपीसीएल द्वारा रिफाइन किए गए कुल कच्चे तेल में रूसी तेल की हिस्सेदारी 13.2 प्रतिशत रही और इसकी आपूर्ति पूरी तरह बंद होने पर भी कोई 'महत्वपूर्ण' असर नहीं पड़ेगा।

HP COTTON TEXTILE MILLS LTD

**एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड**

(CIN: L18101HR1981PLC012274)

पंजी. कार्यालय : 15वां कि.मी. स्टोन, दिल्ली रोड, गांव व डा. मयड़, हिसार-125044
Website: www.hpthreads.com E-mail: info@hpthreads.com
Tel: +91 11 41540471/72/73, Fax: +91 11 49073410

**30 जून 2025 को समाप्त तिमाही हेतु अअंकेक्षित स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों का विवरण**

कम्पनी के निदेशक मण्डल ने 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही हेतु कम्पनी के अअंकेक्षित स्टैंडअलोन एवं समेकित वित्तीय परिणामों का अनुमोदन 08 अगस्त 2025 को आयोजित उनकी बैठक में कर दिया। सीमित समीक्षा रिपोर्ट सहित परिणाम कम्पनी की वेबसाइट पर https://www.hpthreads.com/financial-results.php पर डाल दिए गए हैं और क्यूआर कोड को स्कैन करके देखे जा सकते हैं।

कृते एच.पी. कॉटन टैक्सटाइल मिल्स लिमिटेड
हस्ता/-
राघव कुमार अग्रवाल
पूर्ण-कालिक निदेशक, सीईओ एवं सीएफओ
डीआईएन : 02836610

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 08 अगस्त 2025

टिप्पणी :- उपरोक्त जानकारी सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों, 2015 के नियमन 47(1) के साथ पठित नियमन 33 के अनुसार है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | 10.22 – नगर निगम रोहतक की सीमाओं के अंदर वार्ड नं. 09 में सेक्टर-4 में सीमेंट कंक्रीट पेवमेंट का निर्माण + 1 कार्य। | 07.08.2025 14.08.2025 | 19,36,896/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37508/I/88/6 दि. 08.08.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचएसवीपी गुरूग्राम | आशियाना स्कीम फ्लैट्स सेक्टर-47, गुरूग्राम की विशेष मरम्मत, सिविल कार्य, इलैक्ट्रिकल कार्य, पलम्बिंग कार्य, फायर अलार्म कार्य, अग्निशमन कार्य और उससे सम्बद्ध अन्य सभी कार्य। (एक वर्ष की निःशुल्क त्रुटि जिम्मेवारी अवधि और रखरखाव समेत)। | 07.08.2025 20.08.2025 | 683.49 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1244805697 xenhsvpggm@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37501/I/88/6 दि. 08.08.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर परिषद भिवानी | बिट्स स्कूल एम.सी. भिवानी के सामने वीआईपी रोड का बकाया कार्य और म. नं. 964 से म.नं. 965, सेक्टर-23 तक रोड का निर्माण। | 07.08.2025 19.08.2025 | 42.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 99966295555 eo.mcbhiwani@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/37513/I/88/6 दि. 08.08.25

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचकूला मैट्रोपोलिटन डॅवलपमेंट अथोरिटी | वाणिज्यिक और मनोरंजनात्मक प्रयोजनों हेतु साथ लगते स्थलों के उपयोग के लिए प्रस्ताव सहित शहर से गुजरने वाले दो अदद जल धारा का सौन्दर्यीकरण और कायाकल्प :- ए) एमडीसी से राजीव इन्द्रा कॉलोनी, पंचकूला तक जल धारा, बी) सेक्टर-1 से औद्योगिक क्षेत्र फेज-I, पंचकूला तक सिंह नाला सीएचओएई (3 वर्ष की निःशुल्क त्रुटि जिम्मेवारी अवधि समेत)। | 07.08.2025 01.09.2025 | 76,42,39,573/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467840132 xen3.pmda@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/37509/I/88/6 दि. 08.08.25

मेरा किया जो काटे उसे ईनाम

**गुरूजी सम्राट**



ज्योतिष द्वारा सभी समस्याओं का तुरंत समाधान। घर बैठे फोन पर समस्याओं का समाधान जानें। वशीकरण, पति - पत्नी, सास - बहु में अनबन, मुकदमा, गृह क्लेश, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, शादी, कारोबार, विदेश यात्रा आदि।

**7534997731**

## शुल्क चिंता में सेंसेक्स ने 765 अंक का गोता लगाया

**मुंबई।** विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली जारी रहने और अमेरिकी शुल्क से जुड़ी चिंताओं के बीच शुक्रवार को स्थानीय शेयर बाजार में भारी गिरावट आई और सेंसेक्स 765 अंक लुढ़क गया। निफ्टी में भी 233 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। विश्लेषकों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल जैसी प्रमुख कंपनियों में भारी बिकवाली से भी बाजार पर दबाव पड़ा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 765.47 अंक गिरकर 80,000 के स्तर से नीचे 79,857.79 अंक पर बंद हुआ। बीएसई पर सूचीबद्ध कंपनियों में से 2,507 शेयर गिरावट में रहे जबकि 1,521 शेयरों में तेजी रही और 145 अन्य अपरिवर्तित रहे। निफ्टी भी 232.85 अंक यानी 0.95 प्रतिशत गिरकर 24,363.30 अंक पर बंद हुआ। यह लगातार छठा कारोबारी सप्ताह है जब बाजार नुकसान में रहा है।

### बाजार तीन माह के निचले स्तर पर बंद हुआ

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"भारतीय निर्यात पर अमेरिकी शुल्क के प्रभावों को लेकर चिंताएं बढ़ने से घरेलू बाजार में गिरावट रही और यह तीन माह के निचले स्तर पर बंद हुआ।/" नायर ने कहा, /"विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बिकवाली जारी रखी है जिससे घरेलू सूचकांकों पर दबाव बढ़ रहा है।



ब्रह्माकुमारी बहनों (पंजाब ज़ोन, सेक्टर 33, चंडीगढ़) ने 7 अगस्त 2025 को सेक्टर 19 स्थित विद्यालय में विशेष मूक-बधिर विद्यार्थियों को राखी बांधी।

### रामको सीमेंट्स का लाभ बढ़कर 181 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** रामको सीमेंट्स लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 181.58 करोड़ रुपये रहा। कंपनी को सीमेंट की कीमतों और परिचालन दक्षता में सुधार से मदद मिली है। वर्ष 2024-25 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में मुनाफा 36.57 करोड़ रुपये रहा था।

### ईवी की खुदरा बिक्री जुलाई में 93 फीसदी बढ़ी : फाडा

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री जुलाई में सालाना आधार पर 93 प्रतिशत बढ़ी। इसमें टाटा मोटर्स का योगदान सबसे अधिक रहा। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पिछले महीने कुल इलेक्ट्रिक यात्री वाहनों का पंजीकरण बढ़कर 15,528 इकाई हो गया, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 8,037 इकाई था।

**नगर निगम रोहतक, सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम, रोहतक की कर शाखा के सम्पत्तिकर के रिकार्ड में नई प्रोपर्टी आई.डी. नं. 1HOA1QY4 पुरानी प्रोपर्टी आई.डी. नं. 9C76U77 वार्ड नं0 /पता 826/10 रूप नगर, नियर गौड कॉलेज, रोहतक पुराने एन.डी.सी. रिकार्ड में Mange Ram s/o late Bal Mukand व सर्वे के अनुसार नए एन.डी.सी. रिकार्ड में Mange राम नाम से दर्ज है, अब नगर निगम के रिकार्ड में इस आई.डी. न. में प्रार्थी जिनके नाम कमला देवी, चंदा देवी, राजेंदर, राजेश, शीला, कविता द्वारा वसीयत/वारसान के आधार पर अपने नाम तबदील करवाना चाहते है जिसकी वारसान रिपोर्ट तहसीलदार, रोहतक द्वारा तसदीक की गई है। यदि किसी भी जनसाधारण को इनके नाम तबदील करने में कोई भी आपत्ति है तो 30 दिन के अन्दर अन्दर नगर निगम कार्यालय में अपनी आपत्ति दर्ज करवाये, अन्यथा प्रोपर्टी टैक्स में उनके नाम तबदील कर दी जायेगी। जिसके लिए नगर निगम, रोहतक कोई उत्तरदायी नहीं होगा।

MCR/ZTO/2025/2606
Date 21/07/25

हस्ता/- क्षेत्रीय कराधान अधिकारी, नगर निगम रोहतक

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### सोना 800 रुपए चढ़कर नए रिकॉर्ड स्तर पर

**नई दिल्ली।** स्टॉकिस्टों की लगातार खरीदारी के कारण शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमत 800 रुपये बढ़कर 1,03,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 3,600 रुपये बढ़कर 1,02,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए बंद स्तर पर रही थी। राष्ट्रीय राजधानी में, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना शुक्रवार को 800 रुपये बढ़कर 1,03,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसके साथ यह बृहस्पतिवार के 1,02,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के अपने पिछले सर्वकालिक उच्च स्तर को पार कर गया। पिछले पांच सत्रों में सोने की कीमतों में 5,800 रुपये प्रति 10 ग्राम की वृद्धि हुई है।अबंस फाइनेंशियल सर्विसेज के सीईओ चिंतन मेहता ने कहा, ''अमेरिका द्वारा स्विट्जरलैंड से आयातित एक किलो और 100 औंस सोने की छड़ों पर 39 प्रतिशत शुल्क लगाने के बाद सोने की कीमतों में तेजी आई है। इससे एक प्रमुख आपूर्ति मार्ग बाधित हुआ है और सर्राफा बाजार में नई अस्थिरता आई है।''

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

इलेक्ट्रॉनिक निविदा/बिड ई-प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा/आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे जगाधरी वर्कशॉप-135002 द्वारा फर्मों को निम्नलिखित मदों के लिए ई-निविदाओं के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है:-

| क्र0 सं0 | निविदा/जेम बिड संख्या | संक्षिप्त विवरण | अवधि | बंद होने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | GEM/2025/ B/6537796 | क्लीनिंग, सैनिटेशन और डिसइन्फेक्शन सर्विस | 01 वर्ष | 04 सितम्बर 2025 |

निविदा शर्तें-1. विस्तृत जानकारी वेबसाइट यानी www.gem.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नही की जायेगी।
टेंडर नोटिस/जेम बिड संख्या: GEM/2025/B/6537796

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2429/25

## राशिफल

**मेष** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** — मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** — परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** — वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** — मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** — क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** — मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

### सब्जियों की कीमतों में गिरावट से घर का बना खाना हुआ सस्ता

**मुंबई।** सब्जियों की कीमतें कुछ कम होने के कारण जुलाई में घर पर बने शाकाहारी के साथ-साथ मांसाहारी भोजन की औसत लागत में कमी आई है। बृहस्पतिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। क्रिसिल इंटेलिजेंस की रोटी-चावल दर रिपोर्ट के अनुसार, शाकाहारी थाली की कीमत सालाना आधार पर 14 प्रतिशत घटकर 28.1 रुपये रह गई, जो पहले 32.6 रुपये थी। हालांकि, मासिक आधार पर इसमें चार प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि जून में यह 27.1 रुपये थी। **मांसाहारी थाली 53.5 रुपए प्रति प्लेट :** मांसाहारी भोजन की कीमतें सालाना आधार पर 13 प्रतिशत और मासिक आधार पर दो प्रतिशत घटकर 53.5 रुपये प्रति प्लेट रह गईं। इसके निदेशक, पुशन शर्मा ने कहा, ''निकट भविष्य में, टमाटर की कीमतों के ऊंचे आधार के कारण थाली की कीमतें सालाना आधार पर कम रहने की उम्मीद है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **रविंदर सिंह, पुत्रः** छत्तर सिंह, **पताः** मकान नं. 11/203 बराही रोड बहादुरगढ़ जिला-झज्जर **हरियाणा FIR No. 136/2015; U/s: 354/323/341/ 506/34 IPC, पुलिस थानाः मालवीय नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रविंदर सिंह,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रविंदर सिंह,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **रविंदर सिंह, FIR No. 136/2015; U/s: 354/323/341/506/34 IPC, पुलिस थानाः मालवीय नगर, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.09.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री सुकृति सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी
साकेत कोर्ट, दिल्ली

DP/10481/SD/2025
(Court Matter)

**कार्यालय नगर पंचायत आमदी, जिला - धमतरी (छ.ग.)**
Email ID- cmoamdi@gmail.com

क्रमांक /695/ न.पं./लोनिवि/2025-26 — **ई-प्रोक्यूरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना** — आमदी, दिनांक 04/08/2025


एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत आमदी में स्वच्छ भारत मिशन- शहरी 2.0 अंतर्गत निम्नानुसार कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेंडर नंबर | कार्य का विवरण | लागत राशि | अमानत राशि | बिड सबमिशन शुल्क | कार्य अवधि | फिजीकल लिफाफा जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 173195 | Design, Construction, Testing. Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, Aamdi under SBM 2.0 | INR 227.07 Lakh | INR 1.50 Lakh (Rupees One Lakh Fifty Thousand only) TDR/FDR in Favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, NAGAR PANCHAYAT AAMDI | INR 10000 (Rupees Ten Thousand only) in form of DD in favour of CHIEF MUNICIPAL OFFICER, NAGAR PANCHAYAT AAMDI | Construction Period- 15 months (including rainy season+03 (three) months of trial run) from the date of issuing of work order | 02.09.2025 Time upto 4.00 PM |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा शर्तें / विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभाग के वेब साईट Main Portal: http//eproc.cgstate.gov.in या http//www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड व देखी जा सकती है अथवा कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत आमदी,
जिला-धमतरी (छ.ग.)

## शब्द पहेली - 5953




**बाएँ से दाए**
1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**
2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

**शब्द पहेली- 5952 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | बि | ज | ली | घ | र | ■ | मा | न | सि | क |
| दि | ल | ■ | ड | ■ | ख | न | न | ■ | ना | रा |
| ल | ■ | धा | र | दा | र | ■ | क | ली | ■ | मा |
| दु | ला | रा | ■ | ■ | खा | स | ■ | ख | प | त |
| ख | ■ | धा | ■ | ना | व | ■ | ग | ■ | र | ■ |
| ना | म | र | ख | ना | ■ | च | म | क | दा | र |
| ■ | यू | ■ | त | ■ | स | र | ■ | ट | ■ | वा |
| ह | र | म | ■ | शा | म | ■ | ■ | पी | स | ना |
| ड़ | ■ | य | श | ■ | का | रा | वा | स | ■ | हो |
| ता | न | ■ | प | ग | ली | ■ | न | ■ | म | ना |
| ल | थ | प | थ | ■ | न | ग | र | व | धु | ■ |



**खबर संक्षेप**

## स्कूल फीस विधेयक बहुमत के आधार पर विस में पारित



**नई दिल्ली।** 'दिल्ली स्कूल शिक्षा 'फीस निर्धारण और विनियमन में पारदर्शिता विधेयक 2025' शुक्रवार को देर रात चली विधानसभा की कार्यवाही में बहुमत के आधार पर पारित हो गया है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सदन में कहा कि यह विधेयक शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता लाएगा।

## कन्हैया लाल के बेटों ने 'उदयपुर फाइल्स' देखी

**जयपुर (भाषा)।** उदयपुर में साल 2022 में नृशंस तरीके से मारे गए कन्हैया लाल के बेटों ने बृहस्पतिवार को इस हत्याकांड पर आधारित फिल्म 'उदयपुर फाइल्स' देखी। फिल्म शुक्रवार सिनेमाघरों में रिलीज हुई। कन्हैयालाल के दोनों बेटों यश और तरुण ने उदयपुर के एक सिनेमा घर में फिल्म देखी, जहां कन्हैया लाल को श्रद्धांजलि देने के लिए एक सीट आरक्षित रखी गई थी। सिनेमा हाल में यश व तरुण के बीच वाली सीट पर कन्हैयालाल की तस्वीर रखी थी।

## आसाराम की अंतरिम जमानत 21 तक बढ़ी

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात हाईकोर्ट ने आसाराम की अंतरिम जमानत को 21 अगस्त तक के लिए बढ़ा दिया है। आसाराम को 2013 के एक बलात्कार के मामले में गांधीनगर सेशन कोर्ट ने दोषी ठहराया था। आसाराम बापू आजीवन कारावास की सजा काट रहे। पिछले दिनों उनकों मेडिकल ग्राउंड पर जमानत मिली थी। गुजरात हाईकोर्ट ने अंतरिम जमानत उसे टिप्पणी के बाद बढ़ाई है जब कोर्ट ने पिछले बार कहा था कि यह आखिरी मौका है। अब उन्हें जेल जाना पड़ेगा।

### सीतामढ़ी में गृह मंत्री ने जानकी मंदिर के पुनर्विकास की आधारशिला रखी

# शाह ने एसआईआर का विरोध करने पर राजद-कांग्रेस गठबंधन पर निशाना साधा



भाषा ⏭ सीतामढ़ी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बिहार में एक रैली के दौरान विपक्षी राजद-कांग्रेस गठबंधन मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की आलोचना पर जमकर निशाना साधा। शाह बिहार के सीतामढ़ी जिले में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को बिहार के सीतामढ़ी ज़िले के पुनौराधाम में जानकी मंदिर के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। पुनौराधाम को माता सीता का जन्मस्थान माना जाता है। शाह ने मंदिर के पुनर्विकास के लिए भूमि पूजन किया। पुनौरा धाम को नया रूप देने के लिए लगभग 900 करोड़ रुपये की परियोजना की आधारशिला रखी। पुनौरा धाम उस स्थान पर स्थित है, जहां माना जाता है कि राजा जनक को पुत्री के रूप में देवी सीता मिली थीं।

### अमृत भारत ट्रेन रवाना की

इस अवसर पर सीतामढ़ी को दिल्ली से जोड़ने वाली अमृत भारत ट्रेन को भी हरी झंडी दिखाई गई।

शाह ने अपने भाषण में यह भी कहा कि मोदी सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में बिहार के लिए 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की रेलवे परियोजनाएं शुरू की हैं, जबकि संप्रग सरकार के समय लालू प्रसाद रेल मंत्री थे और राज्य पर केवल 1,000 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। प्रधानमंत्री के सबसे करीबी सहयोगी माने जाने वाले शाह ने बिहार की सांस्कृतिक विरासत के प्रति मोदी के सम्मान को भी रेखांकित किया और उन उदाहरणों का उल्लेख किया जब मोदी ने विदेशी गणमान्य अतिथियों को ''मधुबनी पेंटिंग'' नमूने भेंट की।



पुनौरा धाम को नया रूप देने के लिए लगभग 900 करोड़ की परियोजना की आधारशिला रखी।

## सदन में नहीं थमा विपक्ष का हंगामा

**वित्त मंत्री ने लोकसभा में आयकर विधेयक वापस लिया, सोमवार को नया विधेयक पेश किया जाएगा**

**नई दिल्ली(ब्यूरो)।** विपक्षी दलों के सदस्यों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर शुक्रवार को भी लोकसभा में हंगामा किया। हंगामे के बीच लोकसभा-राज्यसभा में विपक्ष के बिहार में एसआईआर के मुद्दे पर हंगामे के चलते दोनों सदनों को 11 अगस्त की सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। अपराह्न तीन बजे बैठक शुरू हुई तो वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने प्रवर समिति की रिपोर्ट के अनुसार आयकर विधेयक, 2025 को वापस लेने की अनुमति मांगी और सभा की सहमति से सरकार ने विधेयक को वापस ले लिया। नया आयकर विधेयक 11 अगस्त को लोकसभा में पेश किया जाएगा। शुक्रवार को सदन में गैर-सरकारी कामकाज होने का उल्लेख करते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि आज शुक्रवार है जो सदस्यों का दिन होता है और विशेष रूप से विपक्ष के सदस्यों के लिए महत्वपूर्ण होता है क्योंकि इस दिन गैर-सरकारी कामकाज होता है। शुक्रवार को गैर-सरकारी कामकाज के तहत सदन में अपराह्न तीन बजे के बाद निजी विधेयक और संकल्प प्रस्तुत किए जाते हैं।



### ब्रह्मपुत्र पर चीन के बांध निर्माण की खबरों का संज्ञान लिया: भारत

सरकार ने बताया कि उसने तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी के निचले हिस्से पर चीन द्वारा एक विशाल बांध परियोजना का निर्माण कार्य शुरू करने की खबरों का संज्ञान लिया है। तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी को यारलुंग त्सांगपो के नाम से जाना जाता है। राज्यसभा में विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने बताया कि इस परियोजना को पहली बार वर्ष 1986 में सार्वजनिक किया गया था और तब से ही चीन में इसकी तैयारियां चल रही थीं। भारत सरकार ने तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी के निचले भाग पर चीन द्वारा विशाल बांध परियोजना के निर्माण कार्य प्रारंभ करने की खबरों का संज्ञान लिया है। सरकार चीन द्वारा पनबिजली परियोजनाओं के विकास सहित ब्रह्मपुत्र नदी से संबंधित सभी घटनाक्रमों पर सतर्कता से नजर रखती है।

### विपक्ष के सदस्य सरकारी कामकाज बाधित ही कर रहे : रीजीजू

शुक्रवार को सदन में गैर-सरकारी कामकाज होने का उल्लेख करते हुए संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि आज शुक्रवार है जो सदस्यों का दिन होता है और विशेष रूप से विपक्ष के सदस्यों के लिए महत्वपूर्ण होता है क्योंकि इस दिन गैर-सरकारी कामकाज होता है। शुक्रवार को गैर-सरकारी कामकाज के तहत सदन में अपराह्न तीन बजे के बाद निजी विधेयक और संकल्प प्रस्तुत किए जाते हैं और उन पर चर्चा होती है। रीजीजू ने कहा कि विपक्ष के सदस्य सरकारी कामकाज तो बाधित कर ही रहे हैं, आज उन्होंने गैर सरकारी कामकाज को भी अवरुद्ध किया है। उन्होंने कहा कि भविष्य में विपक्ष के सांसद ये ना कहें कि सरकार ने सहयोग नहीं किया है। रीजीजू ने कहा कि सरकार ने शुरू से कहा है कि नियमों के तहत वह हर मुद्दे पर सदन में चर्चा के लिए तैयार है। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि आज विपक्ष के लोगों ने निजी कामकाज को भी बाधित किया है, इससे हम दुखी हैं।''

## प्रधानमंत्री मोदी से कमल हासन ने की मुलाकात



**नई दिल्ली (भाषा)।** प्रसिद्ध अभिनेता कमल हासन ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की और तमिल भाषा एवं सभ्यता जैसे मुद्दों पर चर्चा की। राज्यसभा सदस्य हासन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया और प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात की कई तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने प्रधानमंत्री को कीलाडी गांव की 'थीम' पर आधारित एक स्मृति चिह्न भी भेंट किया। यह स्थान मदुरै से 12 किलोमीटर दूर वैगई नदी के तट पर स्थित है। अभिनेता ने पोस्ट के साथ एक लंबा नोट भी संलग्न किया। हासन ने पोस्ट में लिखा, ''आज मुझे प्रधानमंत्री मोदी से मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। तमिलनाडु के लोगों के प्रतिनिधि और एक कलाकार के रूप में मैंने उनके समक्ष कुछ अनुरोध रखे, जिनमें सबसे प्रमुख हैं कीलाडी की प्राचीनता को मान्यता प्रदान करने में तेजी लाना। मैंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि वह तमिल सभ्यता की भव्यता और तमिल भाषा की शाश्वत महिमा को विश्व के सामने प्रदर्शित करने में तमिल लोगों को सहयोग प्रदान करें।

**राजकीय बहुतकनीकी संस्थान महम, रोहतक**

**प्रवेश सूचना (2025-26) (Institute Level Open Physical Counseling)**

HSTES, पंचकूला के निर्देशानुसार राजकीय बहुतकनीकी संस्थान महम में डिप्लोमा (DET) पाठ्यक्रम में कंप्यूटर, सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल ब्रांचों में रिक्त / खाली सीटों पर हरियाणा के आरक्षित वर्गों सहित (TFW/KM/HGST/EWS/ HARIHAR, PM CARES सीट्स पर संस्थान स्तर पर खुली मैनुअल काउंसलिंग (Institute Level Open Physical Counseling) के माध्यम से पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दाखिला प्रक्रिया निम्नानुसार है:-

आवेदन पत्र हर रोज दोपहर 11:00 बजे तक जमा किये जायेंगे इसके बाद दोपहर 01:00 बजे मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी, उसके आधार पर दाखिला किया जायेगा। आवेदनकर्ता को फिजिकल रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है। आवेदक संस्थान में आकर दाखिले के लिए निर्धारित Performa में सभी दस्तावेज़ों के साथ (Qualification, Category, Income Certificate, Domicile आदि जमा करवाने होंगे। इसके अलावा उम्मीदवारों को DIPLOMA ENGG. PROSPECTUS 2025-26 में वर्णित निर्देशों अनुसार अपने सभी प्रमाण पत्रों की मूल (ORIGINAL) व सत्यापित प्रतियों (2 सेट) तथा 2 पासपोर्ट साइज फोटो सहित लाना होगा।

**फीस विवरण:**
- ₹4600 /- रुपये (सामान्य/BC-A/BC-B श्रेणी)
- ₹3100 /- रुपये (लड़कियाँ एवं TFW)

(यदि ऑनलाइन पंजीकरण किया है तो, अन्यथा जनरल केटेगरी के लिए 1000 रूपये व अन्य केटेगरी के लिए 700 रूपये इस फ़ीस के साथ भुगतान करना है।) फीस संस्थान के खाते में ATM/Debit/Credit Card या UPI आदि के माध्यम से जमा की जा सकती है।

**संपर्क नंबर: 01257-233716, 9992721734, 9050129055, 9991801100, 9991001150**

**(उपलब्धता - प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक)**

**प्राचार्य**
**राजकीय बहुतकनीकी संस्थान महम, रोहतक**

पीआरडीएच 1115/11/467/2026/37494/88/6 दि. 08.08.2025

## चुनाव आयोगः वोट चोरी की जांच करे : प्रियंका गांधी वाड्रा



**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने निर्वाचन आयोग पर निशाना साधते हुए शुक्रवार को कहा कि आयोग राहुल गांधी के चुनाव में धांधली संबंधी दावों की जांच करे और यदि उसे लगता है कि उसकी जिम्मेदारी सिर्फ भाजपा के प्रति है तो उसे पुनर्विचार करने की जरूरत है। बृहस्पतिवार को कम से कम तीन राज्यों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से उन मतदाताओं के नाम साझा करने को कहा था, जिनके बारे में कांग्रेस नेता ने दावा किया था कि उन्हें मतदाता सूची में गलत तरीके से शामिल किया गया है या बाहर रखा गया है। इसके बाद प्रियंका ने आज निर्वाचन आयोग पर निशाना साधा।

## प. बंगाल सरकार चार अफसरों को 11 तक निलंबित करेः ईसी




**कोलकाता (भाषा)।** भारत निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव मनोज पंत को शुक्रवार को दिए एक ताजा नोटिस में कहा कि राज्य सरकार के चार अधिकारियों को निलंबित करने के उसके फैसले को क्रियान्वित कर कार्रवाई की अनुपालन रिपोर्ट 11 अगस्त को अपराह्न तीन बजे तक प्रस्तुत की जाए। निर्वाचन आयोग के सचिव सुजीत कुमार मिश्रा द्वारा हस्ताक्षरित यह पत्र मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा सार्वजनिक रूप से यह घोषणा करने के एक दिन बाद जारी किया गया कि वह निलंबन आदेश पर अमल नहीं करेंगी और अधिकारियों को अपना 'पहरेदार' बताते हुए नौकरशाह वर्ग को भरोसा दिलाया।

## बांके बिहारी केस में सुको ने कहा सरकार की समिति होगी निलंबित



**नई दिल्ली (भाषा)।** सुप्रीम कोर्ट ने बांके बिहार मंदिर मामले पर सुनवाई के दौरान कहा कि उत्तर प्रदेश श्री बांके बिहारी जी मंदिर ट्रस्ट अध्यादेश के जरिए नियुक्ति समिति को निलंबित करने के लिए वे जल्द ही आदेश पारित करेंगे। जस्टिस सूर्य कांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि इसे लेकर शनिवार को आदेश अपलोड किया जाएगा। इसके साथ ही पीठ ने अध्यादेश को चुनौती देने वाली एक रिट याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की सुनवाई पर भी रोक लगाने का आदेश पारित किया। सुको ने कहा कि संवैधानिक वैधता को चुनौती देने के लिए वे याचिकाकर्ताओं को उच्च न्यायालय जाने को कहेंगे।

## न्यायमूर्ति धूलिया ने विदाई संदेश में कहा-अपने हिंदुस्तान की कमी खलेगी



**नई दिल्ली (भाषा)।** उच्चतम न्यायालय के निवर्तमान न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें देश भर के मुकदमों और वकीलों की दलील सुनने की आदत हो गई थी तथा ''मुझे अपने हिंदुस्तान की कमी खलेगी।'' नौ अगस्त को सेवानिवृत्त हो रहे न्यायमूर्ति धूलिया को औपचारिक पीठ के समक्ष हुई कार्यवाही के दौरान गर्मजोशी से विदाई दी गई। सुबह का एक किस्सा सुनाते हुए न्यायमूर्ति धूलिया ने कहा हम नाश्ता कर रहे थे, मेरी पत्नी ने मुझसे पूछा, 'अब जब आप पद छोड़ रहे हैं, तो आपको सबसे ज्यादा कमी किस चीज की खलेगी?' मैंने कहा, मुझे सबसे ज्यादा कमी जिस चीज की खलेगी, वह है मेरा हिंदुस्तान।''

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में इन्द्री निर्वाचन क्षेत्र में (ओडीआर कार्य कार्यक्रम 2025-26 के अंतर्गत) अग्रलिखित के प्रावधान द्वारा 7 अदद रोड के सुधार का कार्य। (1) बीबीपुर ऐप रोड (रोड आईडी 7184) लंबाई 2.20 किमी पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी और नई सहित मजबूतीकरण तथा सीसीबी पुनः बिछाना (2) सैदछपरा ऐप रोड (रोड आईडी 7194) लंबाई 0.400 किमी पर डब्ल्यूबीएम सहित मजबूतीकरण जमा सीसीबी पुनः बिछाना (3) राजेपुर ऐप रोड (रोड आईडी 7203) लंबाई 1.770 किमी पर डब्ल्यूबीएम सहित चौड़ा करना और मजबूतीकरण जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी और नई सीसीबी। (4) उमरपुर स्कूल ऐप रोड पर डब्ल्यूबीएम सहित मजबूतीकरण जमा सीसीबी पुनः बिछाना (रोड आईडी 7205) लंबाई 0.330 किमी (5) धनौरा से कालरा ऐप रोड पर (रोड आईडी 7212) लंबाई किमी 2.200 पर डब्ल्यूबीएम सहित मजबूतीकरण जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी और सीसीबी पुनः बिछाना (6) पथेरा से राजेपुर (रोड आईडी-8853) लंबाई 0.750 किमी पर डब्ल्यूबीएम सहित चौड़ा करना और मजबूतीकरण जमा बीएम जमा 20 मिमी पीसी और सीसीबी को पुनः बिछाना (7) मूसेपुर से इंद्री गढ़ी बीरबल तक तुसंग पुल के निकट (रोड आईडी-11101) लंबाई 2.250 किमी पर डब्ल्यूबीएम सहित मजबूतीकरण जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी + 1 कार्य। | 07.08.2025 16.08.2025 | 730.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में इन्द्री निर्वाचन क्षेत्र में (ओडीआर कार्य कार्यक्रम 2025-26 के अंतर्गत) अग्रलिखित के प्रावधान द्वारा 4 अदद रोड के सुधार का कार्य (1) खेड़ी मान सिंह से पढ़ाना (रोड आईडी-7260) लंबाई 4.820 किमी पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित मजबूतीकरण और सीसीबी को पुनः बिछाना (2) अमरगढ़ ऐप रोड (रोड आईडी 7311) लंबाई 2.600 पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित चौड़ा करना और मजबूतीकरण और सीसीबी को पुनः बिछाना (3) गोरगढ़ से खेड़ी मान सिंह (रोड आईडी-11125) लंबाई 1.920 किमी पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित चौड़ा करना और मजबूतीकरण (4) रंबा से खेड़ी मान सिंह (रोड आईडी 11341) लंबाई 3.130 किमी पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम जमा 20 मिमी पीसी सहित मजबूतीकरण। | 06.08.2025 19.08.2025 | 580.36 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 3 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार जिले में उकलाना में नये लोनिवि विश्राम गृह का निर्माण (2 अदद 13 पैसेंजर लिफ्टों का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 07.08.2025 19.08.2025 | 66.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 4 | लोनिवि भ व प रोहतक | रोहतक जिले में रोहतक में लघु सचिवालय फेज-I और फेज-II में सीसीटीवी कैमरों का प्रावधान। | 06.08.2025 18.08.2025 | 72.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 5 | लोनिवि भ व प रोहतक | झज्जर जिले में गांव जहांगीरपुर में राजकीय आईटीआई में सोलर स्ट्रीट लाइट, सिक्योरिटी कैमरों, आरओ सहित वाटर कूलर, डीजी सैट और अग्निशमन उपकरणों का प्रावधान (सीसीटीवी कैमरों और अग्निशमन उपकरणों का प्रावधान केवल)। | 06.08.2025 13.08.2025 | 8.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034929655 pwd-eeed-rohtak@hry.nic.in |
| 6 | लोनिवि भ व प करनाल | करनाल जिले में इन्द्री निर्वाचन क्षेत्र में (ओडीआर कार्य कार्यक्रम 2025-26 के अंतर्गत) 3 अदद रोड का कार्य (1) संगोहा से जयरामपुर, शाहपुर रोड (रोड आईडी-7256) लंबाई आरडी 0.00 से 9.200 किमी. पर डब्ल्यूबीएम जमा 50 मिमी बीएम सहित मजबूतीकरण और सीसीबी को पुनः बिछाना (2) फाजिलपुर से शाहपुर रोड (रोड आईडी-7262) लंबाई 2.980 किमी. पर 30 मिमी बीसी सहित मजबूतीकरण और सीसीबी को पुनः बिछाना (3) मुरादगढ़ से फाजिलपुर रोड (रोड आईडी-7263) लंबाई 1.770 किमी. पर 30 मिमी बीसी सहित मजबूतीकरण और सीसीबी को पुनः बिछाना। | 06.08.2025 16.08.2025 | 408.56 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9876009311 pwd-eepd-karnal@hry.nic.in |
| 7 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | सेक्टर-12ए, पंचकूला में हरियाणा मंत्री मकानों के परिसर में 30 मिमी मोटी बीसी का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 21.08.2025 | 5.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1722618279 pwd-eecd- chandigarh@hry.nic.in |
| 8 | लोनिवि भ व प अम्बाला | अम्बाला जिले में अम्बाला शहर में जिला सामान्य हस्पताल की मरम्मत और पुनरोद्धार। | 07.08.2025 14.08.2025 | 54.96 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1712977224 pwd-eepd1-ambala@hry.nic.in |
| 9 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में रतिया में परिसर के मेन गेट के निकट कंसरटीना वायर का प्रावधान और चारदिवारी को ऊपर उठाना + 1 कार्य। | 07.08.2025 14.08.2025 | 26.92 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd- fatehabad@hry.nic.in |
| 10 | सिविल सर्जन, रोहतक | रोहतक जिले हेतु आईईसी सामग्रियों और मुद्रण सामग्रियों इत्यादि की खरीद के लिए अग्रणी हिन्दी समाचार-पत्रों में विज्ञापन के सम्बन्ध में। | बंद होने की तिथि 22.08.2025 | 30000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1262282430 dhs.csrtk@hry.nic.in |
| 11 | सिविल सर्जन, रोहतक | रोहतक जिले हेतु मेडिकल गैसेज के सिलेंडर भरने के लिए अग्रणी हिन्दी समाचार-पत्रों में विज्ञापन के सम्बन्ध में। | बंद होने की तिथि 22.08.2025 | 80000/- | https://etenders.hry.nic.in | 1262282430 dhs.csrtk@hry.nic.in |
| 12 | पंचायती राज कैथल | गांव नंदगढ़ में पंचायत भूमि से तगिंदर और अमरीक के मकान तक पेवर ब्लॉक की गली का निर्माण + 10 कार्य। | 07.08.2025 13.08.2025 | 62.32 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 13 | पंचायती राज रोहतक | गांव मदीना गिंदरान ब्लॉक महम, जिला रोहतक में बसाना रोड से श्री गणेश मंदिर तक आईपीबी रास्ता का निर्माण। | 05.08.2025 11.08.2025 | 46.43 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 14 | पंचायती राज रोहतक | गांव व डा. जसिया में वीकेसी के निकट हॉल का निर्माण। | 07.08.2025 13.08.2025 | 52.72 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज भिवानी | गांव प्रेम नगर ब्लॉक भिवानी, जिला भिवानी, हरियाणा में 25 बिस्तर वाले आयुर्वेदिक हस्पताल का निर्माण। | 05.08.2025 11.08.2025 | 803.28 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 16 | सिविल सर्जन जीन्द | जीन्द जिले में विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों के लिए आईईसी और मुद्रण सामग्री। | 07.08.2025 17.08.2025 | ईएमडी 1.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7015444191 cds.jind@gmail.com |
| 17 | वन विभाग सिरसा | सिरसा और ओढ़ां ब्लॉक में नया पौधारोपण कार्य। | बंद होने की तिथि 14.08.2025 | 61.44 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |
| 18 | वन विभाग हिसार | सीजैडए दिशा निर्देशों के अनुरूप सभी प्रकार से पूर्ण लघु चिड़ियाघर भिवानी और हिरण पार्क हिसार का मास्टर प्लान, एनिमल कलेक्शन प्लान और लेआउट प्लान को तैयार करना। | 06.08.2025 12.08.2025 | 6 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662259233 dwlohisar@gmail.com |

**अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in**

पीआरडीएच-11/2026/360/37517/I/88/6 दि. 08.08.25

JINDAL STEEL

**जिन्दल स्टील लिमिटेड**

**(पूर्व में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के रूप में जानी जाती)**

(CIN: L27105HR1979PLC009913)

**पंजी. कार्यालय : ओ.पी. जिन्दल मार्ग, हिसार-125005 (हरियाणा)**
**कॉर्पोरेट सचिवालय कार्यालय : जिन्दल सेंटर, टावर-ए, द्वितीय तल, प्लॉट नं. 2, सेक्टर-32, गुड़गांव-122001 (हरियाणा)**

Website: www.jindalsteel.com | Email: investorcare@jindalsteel.com | Tel.: +91 124 6612000

jindalsteel_ | jindal_steel | jindalsteellimited | jindalsteel_ | jindalsteel_

**46वीं वार्षिक सामान्य बैठक, ई-वोटिंग और रिकॉर्ड तिथि पर जानकारी**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि एजीएम की सूचना में वर्णित अनुसार बिजनेस का सम्पादन करने के लिये जिन्दल स्टील लिमिटेड (पूर्व में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के रूप में जानी जाती) (''दि कम्पनी'') के सदस्यों की 46वीं वार्षिक सामान्य बैठक (''एजीएम'') केवल वीडियो कांफ्रेंसिंग ('वीसी')/अन्य ऑडियो विजुअल साधनों ('ओएवीएम') के माध्यम से ***शनिवार 30 अगस्त 2025 को पूर्वा. 11.00 बजे (आईएसटी)*** आयोजित की जानी निर्धारित है।

एजीएम कम्पनी मामलों का मंत्रालय (''एमसीए'') द्वारा जारी सामान्य सरकुलर्स, सामान्य सरकुलर नं. 14/2020 दिनांक 08 अप्रैल, 2020, 17/2020 दिनांक 13 अप्रैल, 2020, 20/2020 दिनांक 05 मई 2020, 02/2021 दिनांक 13 जनवरी 2021, 21/2021 दिनांक 14 दिसम्बर 2021, 02/2022 दिनांक 05 मई 2022, 10/2022 दिनांक 28 दिसम्बर 2022, 09/2023 दिनांक 25 सितम्बर 2023 और इस सम्बन्ध में जारी अनुवर्ती सरकुलर के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 (''दि एक्ट'') के लागू प्रावधानों के अनुपालन में वीसी/ओएवीएम के माध्यम से आयोजित की जा रही है। भारतीय प्रतिभूतियां विनिमय बोर्ड इसके सरकुलर नं. SEBI/HO/DDHS/P/CIR/2022/0063 दिनांक 13 मई 2022, SEBI/HO/CRD/PoD-2/P/CIR/2023/4 दिनांक 05 जनवरी 2023 और SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2023/167 दिनांक 07 अक्तूबर 2023 और SEBI/HO/CFD/CFD-PoD-2/P/CIR/2024/133 दिनांक 03 अक्तूबर 2024 (''सेबी सरकुलर्स'') के तहत किसी कॉमन स्थल पर सदस्यों की भौतिक उपस्थिति के बिना, वीसी/ओएवीएम के माध्यम से एजीएम को आयोजित करने की अनुमति दे दी।

कम्पनी वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट सहित एजीएम की सूचना शुक्रवार, 08 अगस्त, 2025 को इलैक्ट्रोनिक मोड के माध्यम से केवल उन सदस्यों को भेज चुकी है जिनके ई-मेल पते कम्पनी अथवा रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट अथवा डिपॉजिटरीज के पास पंजीकृत हैं। वार्षिक रिपोर्ट और एजीएम की सूचना की भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकता उपरोक्त एमसीए सरकुलर्स और सेबी सरकुलर के तहत समाप्त कर दी गई है।

वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु एकीकृत वार्षिक रिपोर्ट सहित 46वीं एजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट पर **www.jindal-steelpower.com** पर, स्टॉक एक्सचेंजेज नामतः बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट **www.bseindia.com** और नैशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट **www.nseindia.com** पर उपलब्ध है। ई-वोटिंग सुविधा प्रदान करने हेतु नियुक्त एजेंसी होने के नाते एजीएम की सूचना सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (''सीडीएसएल'') की वेबसाइट **www.evotingin-dia.com** पर उपलब्ध है।

**रिकॉर्ड तिथि**

वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु अन्तिम लाभांश के लिये शेयरधारकों की पात्रता सुनिश्चित करने के प्रयोजन हेतु रिकॉर्ड तिथि शुक्रवार, 22 अगस्त 2025 है। शेयरधारकों को लाभांश का भुगतान एजीएम में शेयरधारकों के अनुमोदन पर रिकॉर्ड तिथि के अनुसार किया जाएगा।

**ई-वोटिंग**

कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 के नियम 20 के साथ पठित अधिनियम (''दि एक्ट'') की धारा 108 और भारतीय प्रतिभूतियां एवं विनियम बोर्ड (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं घोषणा आवश्यकताएं) नियमनों 2015 के नियमन 44 तथा एमसीए सरकुलर्स के प्रावधानों के अनुपालन में, कम्पनी एजीएम में सम्पादित किये जाने वाले बिजनेस के सम्बन्ध में एजीएम से पूर्व और एजीएम के दौरान सदस्यों को दूरस्थ ई-वोटिंग की सुविधा प्रदान कर रही है। या तो भौतिक रूप में अथवा इलैक्ट्रोनिक मोड में कट-ऑफ तिथि अर्थात शनिवार 23 अगस्त 2025 के अनुसार शेयरधारण करने वाले सदस्य एजीएम की सूचना में प्रदान किये गये निर्देशों के अनुसार इलैक्ट्रोनिकली अपना मतदान कर सकते हैं। सदस्यों से एजीएम की सूचना में उपलब्ध करवाए गए दूरस्थ ई-वोटिंग और ई-वोटिंग हेतु दिये गये निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ने का आग्रह किया जाता है।

कोई व्यक्ति, जो एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी के शेयर अर्जन करता है और कम्पनी का सदस्य बनता है, **investorcare@jindalsteel.com** पर ई-मेल भेजकर लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है अथवा जिन्दल सेंटर, टावर-ए, द्वितीय तल, प्लॉट नं. 2, सेक्टर-32, गुरुग्राम-122001 में कम्पनी सचिव विभाग को लिख सकता है।

कम्पनी पारदर्शी ढंग में ई-वोटिंग प्रक्रिया की संवीक्षा करने के लिये संवीक्षाकर्ता के रूप में मै. नवनीत के अरोड़ा एंड कं. एलएलपी, कम्पनी सैक्रेटरीज को नियुक्त कर चुकी है।

दूरस्थ ई-वोटिंग की सुविधा निम्नलिखित वोटिंग अवधि के दौरान उपलब्ध होगी :-

**दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा के प्रारम्भ की तिथि व समय** : बुधवार, 27 अगस्त 2025 पूर्वा. 9.00 बजे (आईएसटी)

**दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा के समापन की तिथि व समय** : शुक्रवार, 29 अगस्त 2025 अप. 5.00 बजे (आईएसटी)

वोटिंग हेतु दूरस्थ ई-वोटिंग मॉड्यूल उपरोक्त तिथि व समय के पश्चात सीडीएसएल द्वारा अयोग्य कर दिया जाएगा और दूरस्थ ई-वोटिंग की अनुमति इसके पश्चात नहीं दी जाएगी। यद्यपि, ई-वोटिंग की सुविधा एजीएम के दौरान भी उपलब्ध करवाई जाएगी और सदस्य, जो दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मत पहले ही नहीं दे चुके हैं, एजीएम के दौरान अपने अधिकार का उपयोग करने में सक्षम होंगे।

सदस्य दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने के लिये अपने अधिकार का उपयोग करने के पश्चात भी वीसी / ओएवीएम के माध्यम से एजीएम में उपस्थित हो सकते हैं परन्तु बैठक में ई-वोटिंग के माध्यम से दोबारा मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

यदि आपके पास ई-वोटिंग के सम्बन्ध में कोई प्रश्न अथवा मुद्दे हैं, आप बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्न (''एफएक्यूएस'') और हैल्प सैक्शन के तहत **www.evotingindia.com** पर उपलब्ध ई-वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं अथवा **helpdesk.evoting@cdslin-dia.com** को एक ई-मेल लिख सकते हैं अथवा टोल फ्री नं. 18002109911 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

कृते **जिन्दल स्टील लिमिटेड**
**(पूर्व में जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड के रूप में जानी जाती)**
हस्ता/-
**सब्यसाची बंद्योपाध्याय**
पूर्णकालिक निदेशक
डीआईएन : 10087103

**दिनांक :** 08 अगस्त, 2025
**स्थान : नई दिल्ली**

## चिंतन

# संसद नहीं चलने देने से क्या हासिल हो पाएगा

संसद का मानसून सत्र लगातार विपक्ष के हंगामे की भेंट चढ़ रहा है। 21 जुलाई से सत्र शुरू हुआ है, जो 21 अगस्त तक चलेगा। सरकार ने कई विधेयक पास कराने की तैयारी की है, लेकिन विपक्ष संसद नहीं चलने दे रहा है। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए कहीं से भी ठीक नहीं है। आखिर जनता की गाढ़ी कमाई कब तक यूं ही जाया होती रहेगी? संसद सत्र के शुरू होने से पहले ही सरकार ने आश्वासन दिया था कि वह हर मुद्दे पर चर्चा के लिए तैयार है। विपक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर, एसआईआर, ट्रंप के दावे समेत कई मुद्दों पर चर्चा की मांग की थी। सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की, विपक्ष की मांग के अनुरूप दोनों सदनों में ऑपरेशन सिंदूर पर जवाब भी दिया गया, इसके बाद भी विपक्ष शांत नहीं हुआ। वह अभी भी हंगामा ट्रैक पर है। आज आठ अगस्त को भी विपक्षी दलों के सांसदों ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर लोकसभा में हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही दो बार के स्थगन के बाद अपराह्न दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। विपक्ष के सदस्य सरकारी कामकाज तो बाधित कर ही रहे हैं, आज उन्होंने गैर सरकारी कामकाज को भी अवरुद्ध किया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने दोहराया कि सरकार ने शुरू से कहा है कि नियमों के तहत वह हर मुद्दे पर सदन में चर्चा के लिए तैयार है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने भी कहा कि 'मैं आपसे पुनः आग्रह कर रहा हूं कि प्रश्नकाल चलने दें। यह महत्वपूर्ण समय होता है। नारेबाजी करना संसदीय परंपराओं के अनुरूप नहीं है। देश की जनता देख रही है कि नियोजित तरीके से सदन को कैसे बाधित किया जा रहा है।' राज्यसभा में भी यही स्थिति रहती है। सदन में चर्चा कम और हंगामा अधिक होता है। विपक्षी सांसद नारेबाजी करते हैं, आसन के नजदीक चले जाते हैं, नियम के विपरीत चर्चा की मांग करने लगते हैं, प्रश्नकाल नहीं चलने देते हैं। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर जारी गतिरोध का जिक्र करते हुए शुक्रवार को बताया कि 'वर्तमान सत्र में लगातार हंगामे की वजह से सदन का अब तक 56 घंटे 49 मिनट का समय बर्बाद हो चुका है।' उच्च सदन में आज भी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के लिए दिए गए नोटिस आसन द्वारा खारिज किए जाने के विरोध में विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण बैठक शुरू होने के दस मिनट बाद ही दोपहर बारह बजे तक और बारह बजे शुरू होने पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। हंगामे की वजह से सदन में आज भी शून्यकाल और प्रश्नकाल नहीं हो पाया। उपसभापति हरिवंश ने बताया कि विभिन्न मुद्दों पर नियत कामकाज स्थगित कर चर्चा करने के लिए उन्हें नियम 267 के तहत 20 नोटिस मिले हैं। वर्तमान सत्र में रास सदस्यों के पास आज तक 195 तारांकित प्रश्न, शून्यकाल के तहत लोक महत्व से जुड़े 195 मुद्दे तथा विशेष उल्लेख के जरिये 195 महत्वपूर्ण मुद्दे उठाने का अवसर था लेकिन अब तक केवल 13 तारांकित प्रश्न, शून्यकाल के तहत सिर्फ पांच मुद्दे तथा विशेष उल्लेख के जरिये मात्र 17 मुद्दे ही उठाए गए हैं। यह पहली बार नहीं है, बल्कि पिछले दो दशक से ऐसा ही हो रहा है। विपक्ष में जो भी दल रहे हों, संसद सत्र के दौरान व्यवधान उत्पन्न करते रहे हैं। संसद सत्र को अधिक उपयोगी बनाने की जरूरत है। अब जितने भी दिन सत्र बचे हैं, पक्ष व विपक्ष कोशिश करें कि सत्र चल सकें व जनोपयोगी मुद्दों पर चर्चा हो सके व विधेयक पास हो सकें।

# मतदाता सूचियों में पारदर्शिता जरूरी



विमर्श
आलोक शुक्ला

विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक पत्रकार वार्ता में देश की मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी होने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के महादेवपुरम विधान सभा क्षेत्र की वर्ष 2024 की मतदाता सूची का विश्लेषण करने पर 1,00,250 फर्जी नाम मिले। इस पर निर्वाचन आयोग की जो प्रतिक्रिया आई है, वह न तो उचित कही जा सकती है और न ही कानूनी रूप से सही है। अच्छा होता कि भारत निर्वाचन आयोग इस प्रकार का पत्र व्यवहार न करते हुए राहुल गांधी के विश्लेषण पर अपनी तथ्यपूर्ण प्रतिक्रिया देता और उनके विश्लेषण की त्रुटियों को उजागर करता। ऐसा न करने से आयोग की विश्वसनीयता ही कम होती दिख रही है।

सात जुलाई को विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक पत्रकार वार्ता में देश की मतदाता सूचियों में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी होने के गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के महादेवपुरम विधान सभा क्षेत्र की वर्ष 2024 की मतदाता सूची का विश्लेषण करने पर 1,00,250 फर्जी नाम मिले। इनमें से 11,965 मतदाता डुप्लीकेट थे, 40,009 मतदाताओं के पते फर्जी थे, 10,452 के नाम बड़ी संख्या में किसी एक ही पते पर दिखाए गए थे। 4,132 मतदाताओं की फोटो पहचानना संभव नहीं था और 33,692 मतदाताओं के नाम फार्म 6 का दुरुपयोग करके मतदाता सूची में जोड़े गए थे। राहुल गांधी की इस पत्रकार वार्ता से राजनीतिक भूचाल आ गया है और चुनाव आयोग की निष्पक्षता को लेकर एक राष्ट्रीय बहस भी शुरू हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग की ओर से कर्नाटक के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने राहुल गांधी को पत्र लिखकर उनसे मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 20(3)(बी) के अंतर्गत शपथ के साथ घोषणा पत्र देने का आग्रह किया है।

राहुल गांधी का पहला आरोप तो यह है कि भारतीय जनता पार्टी को चुनावों में मदद करने के लिए महादेवपुरम विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में बड़े पैमाने पर फर्जी वोटरों का पंजीकरण जानबूझकर किया गया है। दूसरा आरोप यह है कि इन फर्जी वोटरों ने भाजपा के पक्ष में वोट डाले और इस प्रकार निर्वाचन आयोग की मदद से भाजपा ने चुनाव को चुरा लिया। भाजपा ने इन आरोपों को पूरी तरह गलत, राजनीति से प्रेरित और देश के लिए अहितकर बताया है। राजनीतिक दल होने के कारण भाजपा से ऐसी ही राजनीतिक प्रतिक्रिया की अपेक्षा भी थी। परन्तु निर्वाचन आयोग की जो प्रतिक्रिया आई है, वह न तो उचित कही जा सकती है और न ही कानूनी रूप से सही है। नियम 23(3)(बी) के अंतर्गत निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी के आदेश के विरुद्ध अपील करने का प्रावधान है, जिसके लिए 15 दिन की समय सीमा भी निर्धारित है। साफ है कि न तो इतने दिनों बाद अपील की जा सकती है और न ही राहुल गांधी अपील कर रहे हैं। राहुल गांधी ने तो एक राजनीतिक दल के प्रतिनिधि के रूप में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा स्वयं उपलब्ध कराई गई मतदाता सूची का विश्लेषण करते हुए जानबूझकर फर्जी नाम जोड़े जाने के आरोप लगाए हैं। अच्छा होता कि भारत निर्वाचन आयोग इस प्रकार का पत्र व्यवहार न करते हुए राहुल गांधी के विश्लेषण पर अपनी तथ्यपूर्ण प्रतिक्रिया देता और उनके विश्लेषण की त्रुटियों को उजागर करता। ऐसा न करने से निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता ही कम होती दिख रही है। राहुल गांधी विपक्ष के नेता के जिम्मेदार पद पर हैं इसलिए इस आलेख में उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए डेटा को सही मानते हुए उसका तथ्यपूर्ण विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है। यह आलेख इस बात का प्रयास करता है कि निर्वाचन आयोग जैसी संवैधानिक संस्था को पक्षपातपूर्ण न मानते हुए मतदाता सूची में राहुल गांधी दिखाई गई विसंगतियां के कारणों को समझा जाए।

मतदाता सूची में डुप्लीकेट नाम और फार्म 6 का दुरुपयोग, यह दोनों लगभग एक समान आरोप हैं, इसलिए इन पर एक साथ विचार करेंगे। दरअसल बेंगलुरु जैसे मेट्रो शहरों में डुप्लीकेट नामों की समस्या



लंबे समय से चली आ रही है। इन शहरों में लोग अक्सर किराये के मकानों में रहते हैं। मकान मालिक अधिकतर 11 महीनों के लिए किरायानामा करते हैं और उसके बाद किरायेदार पर मकान खाली करने का दबाव डालते हैं। मेट्रो शहरो में बड़ी संख्या में लोग दूसरे शहरों से आते हैं और जल्दी-जल्दी जॉब बदलने के कारण अपना पता भी बदलते रहते हैं। यह लोग नए पते पर मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वा तो लेते हैं, परन्तु पुराने स्थापन से अपना नाम कटवाते नहीं हैं। जब इनके परिवार साथ में रहते हैं, तो बूढ़े मां-बाप का नाम भी मतदाता सूचियों में 2 स्थानों पर जुड़ जाता है। निर्वाचन आयोग चुनाव के ठीक पहले मतदाताओं के नाम जोड़ने की मुहिम भी चलाता है जिसके कारण भी ऐसे डुप्लीकेट नामों की संख्या में काफी वृद्धि हो रही है। हालांकि फार्म-6 में यह घोषणा की जाती है कि नाम जुड़वाने का आवेदन देने वाले व्यक्ति का नाम अन्य किसी स्थान की मतदाता सूची में नहीं है, परन्तु कोई भी इस घोषणा को गंभीरता से नहीं लेता है और लोगों के नाम अनेक स्थानों पर जुड़ते ही जाते हैं। फर्जी पते और एक ही मकान में बहुत अधिक नामों के होने का कारण दरअसल यह है कि निर्वाचन आयोग ने ऐसे सभी लोगों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के आदेश जारी किए हैं जिनका कोई स्थाई पता नहीं है। आयोग का यह फैसला ऐसे गरीब मजदूरों के पक्ष में है जिनके पास रहने के लिए कोई मकान नहीं है और जो फुटपाथ पर भी जीवन काटने के लिए मजबूर हैं। मेट्रो शहरों में लगातार चल रहे निर्माण कार्यों के कारण ऐसे लोगों की बड़ी संख्या होती है। इन गरीबों को अक्सर नगर निगम के अधिकारी और पास के गुंडे फुटपाथ पर उनके रहने के स्थान से भगाते रहते हैं। इस कारण वे अपने रहने का स्थान बदलते रहते हैं। ऐसे लोगों के नामों को फर्जी पते वाला कहा गया है। पहचान राहुल गांधी का तीसरा आरोप है कि बहुत से मतदाता ऐसे हैं जिनकी पहचान योग्य फोटो मतदाता सूची में नहीं है। दरअसल कुछ साल पहले तक मतदाता सूचियों में मतदाता की फोटो होती ही नहीं थी। आयोग ने जब फोटो जोड़ने का निर्णय लिया तो अधिकारियों ने फोटो एकत्रित करना प्रारंभ किया। बहुत सी फोटो अच्छी क्वालिटी की नहीं मिलीं। आयोग धीरे-धीरे अच्छी क्वालिटी की फोटो एकत्र करने का कार्य कर रहा है, पर यह कार्य अभी पूरा नहीं हुआ है। आयोग के पास क्या विकल्प हैं - राहुल गांधी द्वारा मतदाता सूची के विश्लेषण का आसान स्पष्टीकरण आयोग दे सकता है। न जाने किस कारण से निर्वाचन आयोग ने राहुल गांधी के साथ विवाद की स्थिति उत्पन्न करने की नीति अपनाई है। मेरा मानना तो यह है कि राहुल गांधी ने डुप्लीकेट नामों, फर्जी पते और खराब फोटो की जो सूचियां पत्रकार वार्ता में दिखाई थीं, वह सूचियां उनसे मांगकर निर्वाचन आयोग को उनमें शामिल प्रत्येक नाम की जांच अपने अधिकारियों से करा लेनी चाहिए और प्रत्येतक नाम के संबंध में उचित कारण देते हुए अपनी प्रतिक्रिया देनी चाहिए। हर भारतीय की यह अपेक्षा है कि त्रुटिहीन निर्वाचक नामावली तैयार की जाए। आयोग शायद इसी उद्देश्य से पहले बिहार में और फिर सारे देश में सघन पुनरीक्षण का कार्य करना चाहता है। परन्तु आयोग को यह समझना होगा कि जब तक नई और उन्नत तकनीक का प्रयोग करके प्रक्रिया में सुधार नहीं किया जाएगा, तब तक सघन पुनरीक्षण का कोई लाभ नहीं होने वाला है। अच्छा होगा कि निर्वाचन आयोग सूचना प्रौद्योगिकी के जानकारों की एक राष्ट्रीय समिति बनाए जिसमें सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी रखा जाये। यह समिति मतदाता सूचियों को शुद्ध रूप में बनाने और उनके रखरखाव के संबंध में जो सुझाव दे उन पर आयोग को खुले हृदय से विचार करना चाहिये और उसके बाद देशहित में फैसला लेना चाहिये।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## स्पेस स्टेशन

डॉ. रमेश ठाकुर



# अंतरिक्ष से मिसाइल अटैक की योजना बना रहे देश!

भविष्य में लड़ाई लड़ने के तरीके बदलने वाले हैं। पावरफुल मुल्क बंदूक, तोप, तलवारों या अन्य हथियारों से नहीं, बल्कि मिसाइलों से अंतरिक्ष में बने 'स्पेस स्टेशनों' से युद्ध की योजना बना रहे हैं। सुखद ख़बर यहां ये है कि भारत भी इस योजना से पीछे नहीं है। अन्य देशों की 'मिसाइल अटैक' वाली मंशाओं की संभावनाओं के बीच भारत ने भी अंतरिक्ष में अपना पैर जमा दिया है। सिर्फ दशक भर बाद किसी पराए नहीं, स्वनिर्मित 'अतंराष्ट्रीय स्पेस सेंटर' में उतरा करेंगे हमारे भारतीय अंतरिक्ष यात्री। इसके लिए भारतीय वैज्ञानिकों की कोशिशें अंतिम चरण में हैं। कुल मिलाकर अगर ये मिशन 10 सालों में मुकम्मल होता है, तो स्पेस में भी हम सफलता के झंडे गाड़ देंगे। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो द्वारा वर्ष-2035 तक अंतरिक्ष में खुद का 'इंटरनेशनल स्पेस सेंटर' बनाने का ऐलान किया जा चुका है। बीते दिनों बेशक शुभांशु शुक्ला नासा अधिकृत मिशन के जरिए स्पेस सेंटर में उतरे हों, पर भविष्य में जब कोई भारतीय अंतरिक्ष में यात्रा करेगा, तो वह अपने स्पेस सेंटर में ही लैंड करेगा। ऐसी सफलता निश्चित रूप से बदलते हिंदुस्तान की अकल्पनीय, करिश्माई व अनोखी कही जाएगी। पावरफुल देश अंतरिक्ष क्षेत्र को क्यों तवज्जो देने में लगे हैं? क्यों वहां नित नई तकनीकी शक्तियों के विस्तार में जुटे हैं? क्या भविष्य में 'स्पेस स्टेशन' के जरिए मिसाइल अटैक करने की कोई योजनाएं तो नहीं बनाई जा रही हैं? ऐसे तमाम सवाल लोगों के मन में कौंधने लगे हैं। सवाल उठने वाजिब इसलिए भी हैं, क्योंकि मौजूदा वक्त में ज्यादातर देश अपनी लड़ाइयां जमीन को छोड़कर हवाई मिसाइलों से लड़ने लगे हैं। ईरान, इजरायल, गाजा, फिलिस्तीन, यूक्रेन-रूस और अभी हाल में भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव में हुए सीजफायर इसके उदाहरण हैं। शायद वो वक्त दूर नहीं, जब आगामी लड़ाइयों की आहटें हमें सीधे अंतरिक्ष से सुनाई दिया करेंगी। ये बातें बेशक चौंकाने वाली हों, पर ऐसा मुमकिन होता दिखाई पड़ने लगा है। अंतरिक्ष स्टेशनों से युद्ध स्तर पर विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक शोधों में कुछ मुल्क बीते कुछ दशकों से लगे हुए हैं। अभी तक अंतरिक्ष में मात्र दो ही स्पेस स्टेशन हैं।

पहला, 'इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन' जिसे अमेरिका-रूस व अन्य देशों ने अपने साझा प्रयास से मिलकर तैयार किया है। वहीं, दूसरा स्पेस स्टेशन चीन का निजी है। हालांकि अब रूस, अमेरिका, भारत व एकाध और अन्य मुल्क अपने-अपने निजी 'स्पेस स्टेशन' बनाने के अंतिम चरणों में हैं। अगले 10 साल में भारत के अलावा रूस भी अपना स्पेस स्टेशन स्थापित कर लेगा। मकसद भले ही इन स्पेस स्टेशनों का प्रयोग वैज्ञानिक शोधों के लिए हो, लेकिन इस बात से इनकार नहीं कर सकते हैं कि इन स्पेस स्टेशनों के जरिए कुछ देश सैटेलाइट्स मिसाइलों से लड़ाइयां लड़ने की जुगत भिड़ा रहे हों? उनके पहुंचने का माध्यम इस बार भले ही 'एक्सिओम मिशन-4' क्यों न रहा हो? लेकिन भविष्य में ये निर्भरता खत्म होने को है। अंतरिक्ष में निजी स्पेस स्टेशन सिर्फ चीन का है, लेकिन उस दिशा में भारत भी करीब पहुंच चुका है। वर्ष 2009 में अमेरिका ने रूस के साथ एक करार किया था, जिसमें उन्होंने अपना अलग स्पेस स्टेशन बनाने का प्रस्ताव रखा था। उस प्रस्ताव की प्रासंगिकता अब समझ में आती है। अपने निजी स्पेस स्टेशन के जरिए अमेरिका अंतरिक्ष से मिसाइल से लड़ने की योजना बना रहा है। अंतरिक्ष में भी अपना एकछत्र राज करना चाहता है। धरती से अंतरिक्ष की दूरी करीब 62 मील है, जिसे पूरा करने में 28 घंटे लगते हैं। इतनी दूरी वाली मारक क्षमता वाली मिसाइल अमेरिका तैयार कर रहा है। अंतरिक्ष में 24 घंटे में 16 दफे सूर्योदय और 16 बार सूर्यास्त होता है। 90-90 मिनट की दिन और रातें होती हैं।

अंतरिक्ष स्टेशन 24 घंटे में पृथ्वी के चारों ओर लगभग 16 बार चक्कर लगाते हैं। इन सभी की पड़ताल अमेरिका कर चुका है। सैटेलाइट मिसाइलों का प्रयोग अतंरिक्ष से कैसे हो, इसके लिए नासा की रिसर्च बहुत पहले से जारी है। इसरो और नासा अंतरिक्ष में मानव जीवन, सांस, पानी होने की पड़तालों में भी जुटे हैं। पर, इसरो का अगला कदम सन-2035 में अंतरिक्ष में खुद का 'भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन' स्थापित करने के अलावा वर्ष-2040 तक चंद्रमा पर मनुष्य को उतारना है। इसके लिए वह 'मिशन गगनयान' को लांच करने की घोषणा पहले ही कर चुका है। इस मिशन में लगे वैज्ञानिकों को विशेष स्पेस ट्रेनिंग दी जा रही है। इसरो अपने आगामी 'गगनयान मिशन' को अब तक के सबसे बड़े मिशन में गिन रहा है जिसकी तैयारियों में बीते कई वर्षों से देश के टॉप 400 अंतरिक्ष वैज्ञानिक लगे हैं।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# 'छिद्रान्वेषण', जो लोग दूसरों में ढूंढ़ते हैं दोष



संकलित

## दर्शन

लोग प्रायः दूसरों में दोष ढूंढ़ने में लगे रहते हैं। इसी को छिद्रान्वेषण कहते हैं। ऐसा करने वाले लोग अपने बड़े-बड़े दोषों को देखते हुए भी नहीं देख पाते। फिर भी दूसरों में दोष निकालने से बाज नहीं आते। यह प्रवृत्ति न केवल स्वयं के लिए, अपितु समाज के लिए भी घातक है। इसी कारण समाज में ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य का परिवेश बनता है। इसका सर्वाधिक विपरीत प्रभाव उन लोगों के मनोबल पर पड़ता है, जो ईमानदारी से समाज और देश की सेवा कर जीवन यापन करना चाहते हैं। छिद्रान्वेषी प्रवृत्ति अमूमन उन्हीं लोगों में देखने को मिलती है जो स्वयं बुराइयों के भंडार होते हैं। इससे उनकी सकारात्मक ऊर्जा का निरंतर क्षरण होता है और स्वयं का विकास अवरुद्ध हो जाता है। इसीलिए चाणक्य ने कहा है, 'मनुष्य की यह प्रवृत्ति कभी अपने भीतर सद्गुणों का विकास नहीं होने देती।' परिणामस्वरूप मन, वाणी और कर्म तीनों कलुषित हो जाते हैं। महाभारत में दुर्योधन छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का सबसे बड़ा उदाहरण है। उसने कभी अपने दोष देखने का प्रयास नहीं किया। इसीलिए उसके मन, वाणी और कर्म सभी कलुषित हो गए। एक बार गुरु द्रोण ने दुर्योधन और युधिष्ठिर दोनों को राज्य में साधु पुरुषों की गणना के लिए भेजा तो दुर्योधन को कोई साधु पुरुष मिला ही नहीं। यह दुर्योधन की छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का परिणाम था। इसके विपरीत युधिष्ठिर को कोई दुर्जन व्यक्ति नहीं मिला। वास्तव में दूसरे के दोष देखने का अधिकार उसी को है, जिसमें वह बुराई न हो।

# ब्रह्माजी को दंड देने के लिए प्रकट हुए थे कालभैरव



संकलित

## प्रेरणा

शिवजी के 19 अवतारों में से एक है कालभैरव। भैरव अवतार से जुड़ी कई अलग-अलग मान्यताएं हैं। कुछ मान्यताओं में ब्रह्माजी को दंड देने के लिए शिवजी के क्रोध से कालभैरव प्रकट हुए थे। कालभैरव की उत्पत्ति से जुड़ी सृष्टि की शुरुआत के समय की बहुत प्रचलित कथा है। एक दिन ब्रह्मा जी और विष्णु जी खुद को श्रेष्ठ बताने के चक्कर में विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि युद्ध की स्थिति बन गई। उस समय शिवलिंग प्रकट हुआ और शिव जी ने इन दोनों का विवाद शांत किया। उसी समय वहां एक विशाल पुरुष की आकृति प्रकट हुई। ये आकृति शिवजी का ही एक रूप थी। शिव जी ने उससे कहा कि तुम काल के समान हो और भीषण हो। इसी वजह से तुम्हारा नाम कालभैरव होगा। पंचमुखी ब्रह्मा जी बार-बार खुद को श्रेष्ठ बताने की कोशिश कर रहे थे। उस समय ब्रह्मा जी को दंड देने के लिए कालभैरव ने ब्रह्माजी का एक सिर काट दिया था। इस घटना के बाद से ब्रह्मा जी चतुर्मुखी हो गए। शिव जी ने कालभैरव को काशी का नगरपाल बना दिया। कालभैरव की पत्नी भैरवी देवी पार्वती की अवतार हैं। कालभैरव की पूजा में शराब (मदिरा), तामसिक खाना खासतौर पर चढ़ाया जाता है। दरअसल, कालभैरव हमारी बुराइयों को खत्म करने वाले देवता हैं। इनकी पूजा करते समय भक्त नशे की चीजें चढ़ाकर अपनी बुराइयां छोड़ने का संकल्प लेता है। जो लोग इस संकल्प को निभाते हैं, उन्हें भैरव की विशेष कृपा मिलती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### लोगों में धन की भूख बढ़ी

आज भौतिकवादी और आधुनिक युग में कुछ लोगों को धन की इतनी भूख बढ़ रही है कि वो इसे पाने के लिए किसी भी हद तक गिर रहे हैं। स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने कहा है कि, धन एक वस्तु है जो ईमानदारी और न्याय से कमाई जाती है, और इसके विपरीत है अधर्म का खजाना। लेकिन आज बहुत से लोग अमीर बनने के चक्कर में बेईमानी, हेराफेरी, अनैतिकता की राह पर चल पड़ते हैं। ऐसे लोग यह भूल जाते हैं कि गलत तरीकों से कमाई धन-दौलत ज्यादा दिन सुख नहीं दे सकती। कहते हैं कि जैसा खाओ अन्न वैसा हो मन। अगर हम बेईमानी कि कमाई से अन्न खरीद कर खाएंगे या अपने परिवार को खिलाएंगे तो क्या वो अन्न हमारे या हमारे परिवार के लिए उचित भोजन होगा? शायद नहीं। पाप की कमाई से अगर बच्चों का पालन-पोषण किया जाए तो इससे बच्चे पथभ्रष्ट ही होंगे। - विवेक चौधरी, बेमेतरा


## ट्रेंड

### उज्ज्वला योजना



रक्षाबंधन से एक दिन पूर्व मोदी जी ने देश की करोड़ों बहनों को सौगात देते हुए 12,000 करोड़ की लागत से वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की सब्सिडी जारी रखने को मंजूरी दी है।
- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### हर घर तिरंगा अभियान



इस बार हर घर तिरंगा अभियान और भी है खास आपरेशन सिंदूर से विजय का अद्भुत है अहसास। "हर घर तिरंगा" अभियान के वालेंटियर बनिए। अपने आसपास देशभक्ति के इस राष्ट्र उत्सव का आनंदित वातावरण बनाइए। अपनी जान-पहचान के नागरिकों को इससे जोड़िए।
-गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्रीय संस्कृति मंत्री

### अर्थव्यवस्था की रीढ़



खेती-किसानी हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ के साथ-साथ हमारी अस्मिता, संस्कृति और परंपरा की पहचान है। खेतों की हरियाली किसानों की कड़ी मेहनत को दर्शाता है। हम मेहनतकश किसानों को खुशहाल और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।
-हेमन्त सोरेन, सीएम, झारखंड

### भाजपाई भ्रष्टाचार



प्रयागराज के नाम पर 20 हज़ार करोड़ का स्मार्ट सिटी का जो फंड भाजपाई निगल गये, अगर 'महाकुंभ के उस महाकोष' का एक अंश भी सीवर और नाला सफाई में लग जाता तो प्रयागराज का थाना आज तालाब न बनता। ये भाजपाई भ्रष्टाचार है।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## करंट अफेयर

# भारत पर शुल्क लगाना 'राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा'



व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने कहा कि भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाना 'राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा' है, जो नयी दिल्ली के 'रूसी तेल की खरीद बंद करने से साफ इनकार' से जुड़ा है। पिछले सप्ताह, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाने की घोषणा की थी, जो सात अगस्त से लागू हो गया। अमेरिकी राष्ट्रपति ने बुधवार को एक कार्यकारी आदेश पर भी हस्ताक्षर किए, जिसके तहत रूस से तेल की खरीद के लिए भारत पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क लगाया गया। इसके साथ ही कुल शुल्क 50 प्रतिशत हो गया, जो अमेरिका द्वारा किसी भी देश पर लगाए गए सबसे अधिक शुल्कों में से एक है। व्हाइट हाउस में बुधवार को पत्रकारों से बातचीत के दौरान नवारो ने कहा कि यह समझना जरूरी है कि ''भारत पर लगाए गए शुल्क का तर्क पारस्परिक शुल्क से बिलकुल अलग है।'' उन्होंने कहा, ''यह पूरी तरह से एक राष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दा है, जो भारत के रूसी तेल की खरीद बंद करने से साफ इनकार से जुड़ा हुआ है और हर अमेरिकी को इसका गणित समझना चाहिए, क्योंकि यह व्यापारिक स्थिति से संबंधित है।'' नवारो ने कहा, ''आप इस बात से समझिए कि भारत शुल्क का 'महाराजा' है, यह अमेरिकी उत्पादों पर दुनिया में सबसे ज़्यादा शुल्क लगाता है और इसके पास ऊंची गैर-शुल्क बाधाएं भी हैं, जिससे हम अपने उत्पाद वहां नहीं पहुंचा पाते।''

## ऑफ बीट

# कम सामग्री वाले खाद्य पदार्थ अधिक स्वास्थ्यवर्धक होते हैं?



खाद्य पदार्थों की सामग्री को उनके वजन के क्रम में सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। इसका मतलब है कि सूची में सबसे पहले वाली चीजें ही उत्पाद का सबसे बड़ा हिस्सा बनाती हैं। सबसे आखिर वाली चीजें सबसे कम होती हैं। खाद्य लेबल में पोषण संबंधी जानकारी पैनल भी शामिल होता है, जो आपको प्रत्येक बार परोसे जाने पर प्रमुख पोषक तत्वों (ऊर्जा, प्रोटीन, कुल कार्बोहाइड्रेट, शर्करा, कुल वसा, संतृप्त वसा और सोडियम) की मात्रा बताता है। यह पैनल आपको प्रति 100 ग्राम या मिलीलीटर में सामग्री भी बताता है, जिससे आप प्रतिशत की गणना कर सकते हैं। संपूर्ण खाद्य पदार्थों को भी पैक किया जा सकता है। जिन उत्पादों की सामग्री सूची में केवल एक, दो या तीन वस्तुएं होती हैं, वे आमतौर पर अपने उस रूप के क़रीब होते हैं जैसा खाद्य पदार्थ खेत से सीधे लाए जाने पर होता है। इसलिए, भले ही ये पैकेजिंग में आते हों, इन्हें संपूर्ण खाद्य पदार्थ माना जा सकता है। ''संपूर्ण खाद्य पदार्थ'' वे हैं जिन पर शून्य से न्यूनतम प्रसंस्करण किया गया है, जैसे ताजे फल और सब्जियां, दालें, फलियां, साबुत अनाज जैसे जई या भूरा चावल, बीज, मेवे और अप्रसंस्कृत मांस और मछली। समग्र स्वास्थ्य को सहारा देने के लिए, ऑस्ट्रेलियाई आहार संबंधी दिशानिर्देश संपूर्ण खाद्य पदार्थ खाने तथा अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों को सीमित करने की सलाह देते हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# प्रियांश आर्या की विस्फोटक बल्लेबाजी, 52 बॉल पर जड़ा शतक

## आक्रामक पारी में लगाए 7 चौके और 9 छक्के

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दिल्ली प्रीमियर लीग में खिलाड़ी कमाल का खेल दिखा रहे हैं। आईपीएल में पंजाब किंग्स के लिए खेलने वाले प्रियांश आर्या ने विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी की। उन्होंने केवल 52 बॉल पर ही अपना शतक पूरा किया। इसमें उन्होंने 7 चौके और 9 छक्के लगाए।

प्रियांश आर्या डीपीएल में आउट दिल्ली वॉरियर्स के लिए खेल रहे हैं। वे अपनी टीम के लिए ओपनिंग करने के लिए उतरे और मैदान पर पहुंचते ही चौके और छक्कों की लाइन सी लगा दी। उन्होंने पहले अपना अर्धशतक पूरा किया और उसके बाद केवल 52 बॉल खेलकर शानदार सैकड़ा पूरा किया। इसके बाद 56 बॉल पर 111 रन बनाकर वे आउट हो गए। अपनी इस आक्रामक पारी के दौरान उन्होंने 7 चौके और 9 छक्के लगाए। उनका स्ट्राइक रेट 198.21 का रहा।



### आईपीएल में की थी शानदार बल्लेबाज

आईपीएल में इसी साल प्रियांश आर्या ने कमाल की बल्लेबाजी की थी। उन्होंने 17 मैच खेलकर 475 रन बनाए थे। प्रियांश ने एक शतक और दो अर्धशतक अपने नाम किए थे। उनका औसत 27.94 का रहा था। बात अगर डीपीएल की करें तो आउटर दिल्ली वॉरियर्स की टीम ने तीन मैच खेलकर अब तक केवल एक ही जीता है। टीम अभी दो अंक लेकर चौथे स्थान पर है। देखना होगा कि टीम और खुद प्रियांश आर्या कैसा प्रदर्शन करते हैं।



### करन गर्ग ने 24 बॉल पर बनाए 43 रन

कमाल की बात ये है कि जहां एक ओर प्रियांश आर्या ने शानदार सैकड़ा जड़ा, वहीं टीम का दूसरा कोई बल्लेबाज अर्धशतक तक नहीं पहुंच पाया। टीम के लिए दूसरा सबसे बड़ा स्कोर करन गर्ग ने किया, जिन्होंने 24 बॉल पर कमाल के 43 रन बनाए। उन्होंने दो छक्के और पांच चौके लगाने का काम किया। इन्हीं दो बल्लेबाजें की बदौलत टीम ने 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 231 रन बना दिए।

## खबर संक्षेप



### पंजाब ने जीता सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप का खिताब

**चेन्नई।** मनदीप सिंह के दो गोल की मदद से पंजाब ने 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप के फाइनल में झारखंड को 4-3 से हराकर खिताब जीत लिया।खिताबी मुकाबला काफी करीबी रहा, जिसमें आखिरी पलों तक दोनों टीमों ने एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दी। झारखंड ने दूसरे क्वार्टर में आशीष टानी पूर्ति (21वें) और अनीश डुंगडुंग (24वें) के गोल से बढ़त कायम की लेकिन पंजाब की टीम में दो मिनट के अंदर अक्षत सलारिया (29वें) और वरिंदर सिंह (30वें) के गोल से मध्यांतर से पहले स्कोर बराबर कर दिया।

### नेक्सो चैंपियनशिप : अहलावत 43वें, शुभंकर 77वें स्थान पर

**अबेरडीनशर (स्कॉटलैंड)।** भारत के वीर अहलावत एक ओवर 73 के स्कोर के साथ डीपी विश्व टूर की नेक्सो गोल्फ चैंपियनशिप के पहले दौर के बाद 43वें स्थान पर हैं जबकि शुभंकर शर्मा खराब शुरूआत के बाद संयुक्त 77वें स्थान पर हैं। अहलावत ने पांच बर्डी लगाए, चार बोगी और एक डबल बोगी किया। शर्मा ने पहले दौर में तीन ओवर 75 स्कोर किया। दक्षिण अफ्रीका के रिचर्ड स्टर्न ने पहले दौर के बाद एक शॉट की बढत बना ली है।

### अर्जुन की बाजी ड्रॉ, विदित हुए उलटफेर का शिकार

**चेन्नई।** शीर्ष भारतीय खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर (जीएम) जोर्डन वैन फॉरेस्ट के साथ अपनी बाजी ड्रॉ खेली तो वहीं विदित गुजराती को अमेरिका के रे रॉबसन के खिलाफ शिकस्त का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ी वी प्रणव के खिलाफ शानदार जीत से जर्मनी के विन्सेंट केमर मास्टर्स वर्ग की तालिका में शीर्ष पर पहुंच गये है। दिन का सबसे बड़ी उलटफेर हालांकि रॉबसन ने गुजराती को हरा कर किया। अनीश और निहाल सरीन का मुकाबला बराबरी पर छूटा।

### अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी 10 भारतीय फाइनल में पहुंचे

**बैंकॉक।** सात महिलाएं समेत दस भारतीय मुक्केबाज शुक्रवार को यहां अपने-अपने वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज कर अंडर-19 एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 में स्वर्ण पदक के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। महिला मुक्केबाजों में निशा (54 किग्रा), मुस्कान (57 किग्रा), विनी (60 किग्रा), निशा (65 किग्रा), आरती कुमारी (75 किग्रा), पारची टोकस (80+ किग्रा) के साथ-साथ पुरुषों की स्पर्धा में मौसम सुहाग (65 किग्रा), राहुल कुंडू (75 किग्रा) और हेमंत सांगवान (90 किग्रा) ने फाइनल का टिकट पक्का किया। कृतिका (80 किग्रा) को बिना किसी मुकाबले के फाइनल में जगह मिली है। भारत ने इस प्रतियोगिता में 40 मुक्केबाजों (प्रत्येक आयु वर्ग में 20) का एक मजबूत दल उतारा है। इसमें अनुभवी चैंपियनों और घरेलू सर्किट में प्रभावित करने वाले प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का बेहतरीन मिश्रण है।

## 18 साल की एमबोको ने फाइनल में नाओमी को तीन सेट के कड़े मुकाबले में हराया

# नेशनल बैंक ओपन: टेनिस में नई चमक विक्टोरिया और शेल्टन बने चैंपियन

एजेंसी ▶▶| मॉन्ट्रियल

एमबोको और शेल्टन नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के नए चैंपियन बन गए हैं। महिला वर्ग में एमबोको ने ओसाका का मात दी। पुरुष एकल में बेन शेल्टन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए खाचानोव को हराकर खिताब अपने नाम किया है। कनाडा की किशोरी विक्टोरिया एमबोको ने अपना स्वप्निल अभियान जारी रखते हुए फाइनल में नाओमी ओसाका को तीन सेट तक चले मुकाबले में पराजित करके नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन ओसाका को 2-6, 6-4, 6-1 से हराकर अपना पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब जीता।

### विक्टोरिया ने लगाई जबर्दस्त छलांग विश्व रैंकिंग में 85वें से 25वें स्थान पर पहुंची



### खिताब जीतने वाली बनीं कनाडा की तीसरी खिलाड़ी

इस जीत से वह विश्व रैंकिंग में 85वें से 25वें स्थान पर पहुंच जाएंगी। विक्टोरिया ओपन युग में यह खिताब जीतने वाली कनाडा की तीसरी खिलाड़ी बन गई हैं। उनसे पहले 1969 में फेय अर्बन और 2019 में बियांका एंड्रीस्कू ने यह उपलब्धि हासिल की थी। इस टूर्नामेंट में वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली विक्टोरिया को पूरे मैच के दौरान दर्शकों का भरपूर समर्थन मिला। ओसाका ने मैच प्वाइंट पर जैसे ही नेट में शॉट मारा विक्टोरिया घुटनों के बल बैठ गई और दर्शक खुशी से झूमने लगे। विक्टोरिया वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली तीसरी ऐसी खिलाड़ी बन गई हैं, जिन्होंने डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीता। उनसे पहले 2011 में सिनसिनाटी में मारिया शारापोवा और 2019 में इंडियन वेल्स में एंड्रीस्कू ने खिताब जीता था।

### बेन ने जीता तीसरा सबसे बड़ा खिताब



अमेरिका के बेन शेल्टन ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के रूप में अपने करियर का तीसरा और सबसे बड़ा खिताब जीता। उन्होंने फाइनल में रूस के 11वीं वरीयता प्राप्त करेन खाचानोव को 6-7 (5), 6-4, 7-6 (3) से हराया। चौथी वरीयता प्राप्त 22 वर्षीय शेल्टन 2003 में एंडी रोडिक के बाद मास्टर्स 1000 हार्ड-कोर्ट प्रतियोगिता जीतने वाले अमेरिका के पहले खिलाड़ी बन गए हैं। शेल्टन ने 2023 में तोक्यो में हार्ड कोर्ट पर और पिछले साल ह्यूस्टन में क्ले कोर्ट पर भी जीत हासिल की थी। इस जीत से शेल्टन विश्व रैंकिंग में अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच जाएंगे। पुरुष युगल के फाइनल में जूलियन कैश और लॉयड ग्लासपूल ने जो सैलिसबरी और नील स्कुप्स्की को 6-3, 6-7 (5), 13-11 से हराया।

## करीब 15 साल बाद बदल सकते हैं नियम

# संशोधित राष्ट्रीय आयु धोखाधड़ी विरोधी संहिता पर परामर्श पूरा

■ खेलों में उम्र संबंधी धोखाधड़ी के खिलाफ मसौदा केन्द्रीय मंत्रिमंडल को भेजेगा खेल मंत्रालय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खेलों में उम्र संबंधी धोखाधड़ी के खिलाफ राष्ट्रीय संहिता (एनसीएएएफएस) 2025 के मसौदे को खेल मंत्रालय ने अगले सप्ताह केन्द्रीय मंत्रिमंडल के पास भेजने की तैयारी कर ली है। इसमें आयु धोखाधड़ी उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई के प्रावधान के साथ खिलाड़ियों की सही उम्र का पता लगाने के लिए एआई-आधारित हड्डी आंकलन की बात कही गई है। खेल मंत्रालय ने इस साल मार्च में एनसीएएएफएस को सार्वजनिक प्रतिक्रिया के लिए ऑनलाइन पोस्ट किया गया था। खेल मंत्रालय के एक सूत्र ने बताया कि यह प्रक्रिया अब पूरी हो चुकी है। सूत्र ने कहा, '' लगभग 15 साल बाद संशोधित होने वाली इस संहिता को अगले सप्ताह मंत्रिमंडल की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। चूंकि यह एक संहिता है ऐसे में मंत्रिमंडल की मंजूरी ही पर्याप्त होगी।'' उन्होंने कहा, ''हमें आम जनता से बहुत सारी प्रतिक्रिया मिली और उन सभी की जांच की गई है।

यह संहिता मोटे तौर पर उसी रूप में रहेगी, जिस तरह इसे इस साल परामर्श प्रक्रिया के लिए तैयार किया गया था।'' भारतीय खेलों में युवा और जूनियर स्तर पर आयु धोखाधड़ी एक बड़ी समस्या रही है, जहां चिकित्सा जांच के प्रावधानों के बावजूद अक्सर अधिक आयु के एथलीट प्रतिस्पर्धा करते हुए पकड़े जाते हैं। संशोधित संहिता के अनुसार सभी इच्छुक और पंजीकृत खिलाड़ियों को आयु सत्यापन के लिए तीन अनिवार्य दस्तावेज जमा करने होंगे। इसमें जन्म प्रमाण पत्र, आधार कार्ड/मतदाता पहचान पत्र/पासपोर्ट/पैन कार्ड और स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र/मैट्रिकुलेशन प्रमाण पत्र शामिल है।

इसके बाद दस्तावेज़ सत्यापन भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) और राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) द्वारा किया जाएगा। मंत्रालय अब तक आयु धोखाधड़ी की घटनाओं का रिकॉर्ड नहीं रखता रहा है।इस तरह के मामलों के लिए अब तक 2010 की एनसीएएएफएस की मदद ली जाती थी लेकिन इसमें उल्लंघन करने वालों के लिए सजा का प्रावधान नहीं था। संशोधित संहिता में पहली बार अपराध करने वाले एथलीटों के लिए दो साल के प्रतिबंध की सिफारिश की गई है। दूसरी बार उल्लंघन करने पर आजीवन प्रतिबंध लगेगा और 'भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), 2023 और अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत एफआईआर दर्ज की जाएगी।' संहिता में कहा गया है, ''सभी मौजूदा पंजीकृत एथलीट दस्तावेज को साइ या एनएसएफ को अनिवार्य तौर पर जमा करेंगे।

## युवा क्रिकेट

# ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम में भारतीय मूल के दो खिलाड़ी को मिली जगह

सितंबर में युवा टीम जाएगी आस्ट्रेलिया, वन डे और टेस्ट सीरीज में लेगी हिस्सा





एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

भारतीय मूल के दो क्रिकेटरों आर्यन शर्मा और यश देशमुख को अगले महीने भारत अंडर-19 टीम के खिलाफ होने वाली घरेलू श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया।

शर्मा जहां विक्टोरिया के बल्लेबाज हैं, वहीं ऑलराउंडर देशमुख न्यू साउथ वेल्स के उन पांच खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें टीम में चुना गया है। इस टीम को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व मुख्य कोच टिम नीलसन कोचिंग देंगे। श्रृंखला की शुरुआत 21, 24 और 26 सितंबर को ब्रिस्बेन के इयान हीली ओवल में खेले जाने वाले तीन एकदिवसीय मैचों से होगी। इसके बाद 30 सितंबर से 3 अक्टूबर तक ब्रिस्बेन में और 7 से 10 अक्टूबर तक मैकाय में दो चार दिवसीय मैच खेले जाएंगे। नीलसन की अंडर-19 टीम के कोच के रूप में यह पहली श्रृंखला होगी। वह इससे पहले 2007 से 2011 तक ऑस्ट्रेलिया की सीनियर पुरुष टीम के कोच रह चुके हैं।

### ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 टीम

साइमन बज, एलेक्स टर्नर, स्टीव होगन, विल मालजचुक, यश देशमुख, टॉम होगन, आर्यन शर्मा, जॉन जेम्स, हेडन शिलर, चार्ल्स लैचमुंड, बेन गॉर्डन, विल बायरोम, केसी बार्टन, एलेक्स ली यंग, जेडन ड्रेपर। रिजर्वः जेड हॉलिक, टॉम पैडिंगटन, जूलियन ओसबोर्न।

## सेंट जूड चैंपियनशिप भाटिया ने खेला कॅरियर का सर्वश्रेष्ठ कार्ड



एजेंसी ▶▶| मेम्फिस (अमेरिका)

भारतीय मूल के अमेरिकी गोल्फर अक्षय भाटिया ने पीजीए टूर पर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सेंट जूड चैंपियनशिप में बढ़त कायम कर ली। पीजीए टूर पर दो बार के विजेता 23 साल के भाटिया ने आखिरी कुछ होल में शानदार खेल दिखाया। शुरुआती नौ होल में चार अंडर का स्कोर करने वाले भाटिया 11वें होल में बर्डी करने के बाद 12वें होल में बोगी कर बैठे। उन्होंने हालांकि इसके बाद कमाल की वापसी की। उन्होंने पांच शॉट वाले 16वें होल में ईगल लगाई और फिर आखिरी दो होल में लगातार दो बर्डी के साथ शीर्ष स्तर पर करियर का सबसे शानदार कार्ड खेला। भारतीय मूल के ब्रिटिश खिलाड़ी आरोन राय ने दो बर्डी और दो बोगी की मदद से पार 70 का कार्ड खेला और वह संयुक्त रूप से 39वें स्थान पर है।

## रवींद्र, निकोल्स और कॉनवे के शतकों से न्यूजीलैंड ने 476 रन की बढ़त हासिल की

**बुलवायो (जिम्बाब्वे)।** रचिन रवींद्र, हेनरी निकोल्स और डेवोन कॉन्वे के बड़े शतकों की मदद से न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन जिम्बाब्वे के खिलाफ अपनी पहली पारी में तीन विकेट पर रिकॉर्ड 601 रन बना कर 476 रन की बढ़त हासिल कर ली है। दिन का खेल खत्म होते समय रवींद्र 139 गेंदों में 21 चौकों और दो छक्कों की मदद से 165 रन जबकि निकोल्स 150 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। इन दोनों खब्बू बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए अब 285 गेंदों में 256 रनों की अटूट साझेदारी कर ली है। न्यूजीलैंड ने इसके साथ ही नौ साल पहले इसी मैदान पर जिम्बाब्वे के खिलाफ अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ स्कोर चार विकेट 582 में सुधार किया। न्यूजीलैंड ने दिन की शुरुआत एक विकेट पर 174 रन पर करने के बाद खेल के दूसरे दिन दो विकेट गंवाकर 427 रन बनाये। इससे पहले कॉन्वे 153 रन बनाकर ब्लेसिंग मुजरबानी का शिकार बने। उन्होंने दो साल के शतकों का सूखा खत्म करने के दौरान इस पारी में 18 चौके लगाये। निकोल्स ने 245 गेंद की पारी में अब तक 15 चौके लगा चुके है। जिम्बाब्वे को दिन की पहली सफलता रात्रि प्रहरी जैकब डफी (36) के रूप में मिली। विंसेंट मासेकेसा की गेंद में ब्रायन बेनेट ने शानदार कैच लपक कर उनकी पारी को खत्म किया।


## रक्षाबंधन त्यौहार विशेष रेलगाड़ियाँ

रक्षाबंधन त्यौहार के अवसर पर रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन के लिए उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित रक्षाबंधन विशेष रेलगाड़ियों का संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:–

**04484/04483 ह. निज़ामुद्दीन – मथुरा जं. – ह. निज़ामुद्दीन अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं. 04484 आगमन | गाड़ी सं. 04484 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04483 आगमन | गाड़ी सं. 04483 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 10:00 | ह. निज़ामुद्दीन | 16:30 | --- |
| 12:30 | --- | मथुरा जं. | --- | 13:00 |

चलने के दिन : 04484 ह. निज़ामुद्दीन से तथा 04483 मथुरा जं. से दिनांक 09.08.2025 को।
ठहराव : ओखला, तुगलकाबाद, फरीदाबाद, फरीदाबाद न्यू टाउन, बल्लभगढ़, असावती, पलवल, रुँधी, शोलाका, बनचारी, होडल, कोसी कलाँ, छाता, अझई, वृन्दावन रोड एवं भूतेश्वर स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

**04486 ह. निज़ामुद्दीन – जींद एवं 04485 जींद – तिलक ब्रिज अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं. 04486 आगमन | गाड़ी सं. 04486 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04485 आगमन | गाड़ी सं. 04485 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 10:30 | ह. निज़ामुद्दीन | --- | ----- |
| 10:35 | 10:36 | तिलक ब्रिज | 17:40 | --- |
| 13:50 | --- | जींद | --- | 14:00 |

चलने के दिन : 04486 ह. निज़ामुद्दीन से तथा 04485 जींद से दिनांक 09.08.2025 को।
ठहराव : तिलक ब्रिज, शिवाजी ब्रिज, नई दिल्ली, दिल्ली किशनगंज, विवेकानन्द पुरी हाल्ट, दया बस्ती, शकूर बस्ती, मंगोलपुरी, नांगलोई, मुंडका, घेवरा, बहादुर गढ़, असौदा, रोहद नगर, साँपला, ईस्माइला हरियाणा, खरावड़, अस्थल बोहर जं., रोहतक, समर गोपाल पुर, करैंथी, लखन माजरा, किला ज़फरगढ़, जुलाना, जय जय वन्ती, किनाना एवं बिशनपुरा हरियाणा स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

**04488 पानीपत – दिल्ली एवं 04487 दिल्ली – अंबाला कैंट जं. अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं. 04488 आगमन | गाड़ी सं. 04488 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04487 आगमन | गाड़ी सं. 04487 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | --- | अंबाला कैंट जं. | 17:30 | --- |
| --- | 10:20 | पानीपत | 15:36 | 15:37 |
| 13:10 | --- | दिल्ली जं. | --- | 13:30 |

चलने के दिन : 04488 पानीपत से तथा 04487 दिल्ली जं. से दिनांक 09.08.2025 को।
ठहराव : मोहरी, शाहाबाद मारकंडा, ढ़ोला माजरा, धीरपुर, ढोडा खेड़ी, कुरुक्षेत्र जं., अमीन, नीलोखेड़ी, तरावड़ी, भैनी खुर्द, करनाल, बजीदा जटां, घरौंडा, कोहंड, बाबरपुर, पानीपत, दिवाना, समालखा, भोडवाल माजरी, गन्नौर, राजलू गढ़ी, सांदल कलां, सोनीपत, हरसाना कलां, राठधना, नरेला, होलम्बी कलां, खेड़ा कलां, बादली, आदर्श नगर दिल्ली, दिल्ली आज़ादपुर एवं सब्जी मंडी स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिये रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा भारतीय रेल की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

**04490 अंबाला कैंट जं. – पानीपत अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी**

| स्टेशन | गाड़ी सं. 04490 आगमन | गाड़ी सं. 04490 प्रस्थान |
|---|---|---|
| अंबाला कैंट जं. | --- | 20:10 |
| पानीपत | 22:30 | --- |

चलने के दिन : 04490 अंबाला कैंट से दिनांक 09.08.2025 को।
ठहराव : मोहरी, शाहाबाद मारकंडा, ढ़ोला माजरा, धीरपुर, ढोडा खेड़ी, कुरुक्षेत्र जं., अमीन, नीलोखेड़ी, तरावड़ी, भैनी खुर्द, करनाल, बजीदा जटां, घरौंडा, कोहंड एवं बाबरपुर स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

**04492/04491 गाज़ियाबाद – अलीगढ़ जं. – गाज़ियाबाद अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं. 04492 आगमन | गाड़ी सं. 04492 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04491 आगमन | गाड़ी सं. 04491 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 11:00 | गाज़ियाबाद | 16:00 | --- |
| 13:00 | --- | अलीगढ़ जं. | --- | 13:30 |

चलने के दिन : 04492 गाज़ियाबाद से तथा 04491 अलीगढ़ जं. से दिनांक 09.08.2025 को।
ठहराव : मारीपत, दादरी, बोड़ाकी, अजायबपुर, दनकौर, वैर, चोला, गंगरौल, सिकन्दरपुर, खुर्जा जं., कमालपुर, डाँवर, सोमना, कुलवा एवं महरावल स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

**04493/04494 नई दिल्ली – रेवाड़ी – नई दिल्ली अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं. 04493 आगमन | गाड़ी सं. 04493 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04494 आगमन | गाड़ी सं. 04494 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 10:20 | नई दिल्ली | 17:00 | --- |
| 12:30 | --- | रेवाड़ी | --- | 14:30 |

चलने के दिन : 04493 नई दिल्ली से तथा 04494 रेवाड़ी से दिनांक 09.08.2025 को।
ठहराव : दिल्ली छावनी, पालम, बिजवासन, गुड़गाँव, गढ़ी हरसरु जं. एवं पटौदी रोड स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

**04496/04495 शामली – दिल्ली शाहदरा जं. – शामली अनारक्षित स्पेशल रेलगाड़ी**

| गाड़ी सं. 04496 आगमन | गाड़ी सं. 04496 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 04495 आगमन | गाड़ी सं. 04495 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 08:30 | शामली | 14:05 | --- |
| 10:40 | --- | दिल्ली शाहदरा जं. | --- | 11:40 |

चलने के दिन : 04496 शामली से तथा 04495 दिल्ली शाहदरा जं. से दिनांक 09.08.2025 को।
ठहराव : कांधला, कासिमपुर खेड़ी, बड़ौत, बाग़पत रोड, खेकड़ा, नोली एवं गोकुलपुर सबोली हाल्ट स्टेशन।
स्थान : सामान्य।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

विदेश विभाग के प्रमुख उप प्रवक्ता टॉमी बोले

# भारत रणनीतिक साझेदार, जिसके साथ यूएस पूर्ण और स्पष्ट बातचीत कर सकता

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

टैरिफ की धमकियों को लेकर भारत के सख्त और स्पष्ट रुख को देखते हुए अमेरिका के रुख बदले-बदले से नजर आ रहे हैं। इसी बदलते सुर के मद्देनजर अमेरिका ने भारत को अपना रणनीतिक साझेदार बताया है। अमेरिकी विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि भारत एक रणनीतिक साझेदार है, जिसके साथ अमेरिका पूर्ण और स्पष्ट बातचीत करता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रूसी तेल की खरीद और वॉशिंगटन के साथ व्यापार असंतुलन को लेकर अपनी चिंताओं को लेकर नई दिल्ली के साथ बहुत स्पष्ट रहे हैं। विदेश विभाग के प्रमुख उप प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने गुरुवार को एक प्रेस वार्ता में कहा कि भारत एक रणनीतिक साझेदार है, जिसके साथ हम पूर्ण और स्पष्ट बातचीत करते हैं। यह जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप व्यापार असंतुलन और रूसी तेल की खरीद को लेकर अपनी चिंताओं को लेकर बहुत स्पष्ट रहे हैं। आपने उन्हें इस पर सीधे तौर पर कार्रवाई करते देखा है।

## चिंताओं का समाधान करना महत्वपूर्ण



पिगॉट ने कहा कि विदेश नीति में किसी भी चीज की तरह, आप हर चीज पर हर समय 100 प्रतिशत एकमत नहीं हो सकते, लेकिन यह बहुत स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि इन चिंताओं का समाधान करना महत्वपूर्ण है। यही एक स्पष्ट बातचीत का अर्थ है। आखिरकार यह एक स्पष्ट और पूर्ण संवाद है। अमेरिकी हितों को आगे बढ़ाने का यही अर्थ है। साझेदारों के साथ पूर्ण कूटनीतिक संवाद का यही अर्थ है, ताकि उन चिंताओं को हल किया जा सके, जिनका समाधान हमें देखना है।

# भारत ने कई बदलाव देखे और आपदाओं को अवसर में बदला : पीयूष गोयल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने टैरिफ की चुनौतियों पर कहा कि भारत ने कई बदलाव देखे हैं और हमेशा



आपदा को अवसर में बदला है। आज भी भारत की तरफ दुनिया के देख रही है और हमारे साथ काम करना चाहती है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया जानती है कि ग्लोबल ग्रोथ में 16 फीसदी का योगदान भारत का है, हमारा शेयर मार्केट, करेंसी, विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से बढ़ रहा है। दुनिया आज भारत के 1.4 अरब लोगों के टैलेंट के साथ काम करना चाहती है।

## भारत हर स्थिति में डटकर खड़ा रहा

पीयूष गोयल ने कहा कि ये भारत का समय है, पीएम मोदी भी पूरे देश का मनोबल बढ़ाते हुए कहा है कि भारत हर स्थिति में डटकर खड़ा है। हमारे किसान, उद्यमी, को चिंता करने की जरूरत नहीं है, नए वर्ल्ड ऑर्डर में भारत आगे रहने वाला है। भारत आज दुनिया में सबसे तेजी से आगे बढ़ती हुई इकोनॉमी है और दुनिया ने इसका लोहा माना है।

# चांद पर बनाएगा परमाणु रिएक्टर, 2030 तक स्थायी रूप से मानव को बसाने का लक्ष्य

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका की अंतरिक्ष एजेंसी नासा (नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन) चांद पर एक परमाणु रिएक्टर स्थापित करने की योजना पर काम कर रही है। इस परियोजना का लक्ष्य 2030 तक चंद्रमा पर एक स्थायी मानव उपस्थिति को संभव बनाना है। नासा के कार्यवाहक प्रमुख सीन डफी ने इस योजना की घोषणा की, जिसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सरकार की अंतरिक्ष दौड़ को तेज करने की रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है।

## 8200 अरब खर्च होंगे

इस परियोजना की लागत अरबों डॉलर होने की उम्मीद है। नासा ने 2022 में ही तीन निजी कंपनियों को प्रारंभिक डिजाइन तैयार करने के लिए 50-50 लाख डॉलर (करीब 40 करोड़ रुपए) दिए थे।

नासा की यह महत्वाकांक्षी योजना भविष्य में चंद्रमा पर मानव बस्तियों और वैज्ञानिक अनुसंधान के लिए असीमित ऊर्जा का स्रोत प्रदान करेगी। नासा इस परियोजना के लिए जल्द ही निजी कंपनियों से प्रस्ताव आमंत्रित करेगा।

# भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ को लेकर अमेरिका में भ्रम की स्थिति

- ट्रंप बोले मामले के समाधान तक व्यापार समझौते पर सारी बातचीत बंद, विदेश मंत्रालय ने अलापा खुलकर बात करने का राग
- अमेरिका ने भारत के रूस से कच्चे तेल की खरीद पर लगाया है 50 फीसदी टैरिफ

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

रूस से लगातार जारी तेल की खरीद को लेकर भारत पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ के बाद अमेरिका में घरेलू स्तर पर भ्रम पैदा करने वाली स्थिति बनी हुई है। जिसमें एक ओर अमेरिका के राष्ट्रपति कहीं से भी अपने तल्ख तेवरों में किसी तरह की नरमी के कोई संकेत नहीं दे रहे हैं और उन्होंने शुक्रवार को अपने ओवल कार्यालय में एक भारतीय पत्रकार द्वारा पूछे गए प्रश्न के जवाब में यहां तक कह दिया है कि टैरिफ के मुद्दे के समाधान तक भारत से व्यापार समझौते पर कोई बातचीत नहीं होगी। तो वहीं, दूसरी ओर अमेरिका का विदेश मंत्रालय भारत को अपना रणनीतिक साझेदार बताते हुए खुलकर बात करने का राग अलाप रहा है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अपने एक हालिया भाषण में 50 फीसदी टैरिफ के संदर्भ में देश का रुख साफ करते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि भारत किसानों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं करेगा। दुनिया के बाकी देशों की अर्थव्यवस्थाओं की तरह भारत भी अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर आवश्यक कदम उठाएगा।

## अधर में लटकी अमेरिकी दल की भारत यात्रा

दोनों देशों के बीच व्यापार समझौते को लेकर बातचीत करने के लिए इस महीने की 25 तारीख को एक अमेरिकी दल भारत की यात्रा पर आने वाला था। लेकिन उससे ठीक पहले अमेरिका के राष्ट्रपति के इस बयान ने अमेरिकी दल की स्वदेश यात्रा पर फिलहाल रोक लगा दी है। जबकि पूर्व में यह अनुमान लगाया जा रहा है कि अमेरिकी दल की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच जो चर्चा होगी। उससे कई मुद्दों का समाधान निकल सकता है।

## रूस से तेल खरीद पर की सीधी कार्रवाई

अमेरिका के विदेश मंत्रालय के प्रमुख उप प्रवक्ता टॉमी पिगॉट ने एक संवाददाता सम्मेलन में भारत के संदर्भ में पीएम मोदी के एससीओ शिखर सम्मेलन में को लेकर किए जाने वाले चीन के दौरे से जुड़े हुए सवाल के जवाब में कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप व्यापार से जुड़े असंतुलन और रूस से तेल खरीद से संबंधित अपनी चिंताओं को लेकर साफ राय रखते हैं। आपने उन्हें मामले पर सीधी कार्रवाई करते हुए देखा है। पिगॉट ने ये भी कहा कि भारत, अमेरिका का एक रणनीतिक साझेदार है और हम उसके साथ पूरी और स्पष्ट बात करते रहे हैं। आगे भी यह सिलसिला जारी रहेगा। अमेरिका ने भारत पर दो बार में 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। शुरुआत में जो 25 फीसदी टैरिफ लगाया गया था। वह बीते 7 अगस्त से लागू हो गया है। जबकि टैरिफ का दूसरा 25 फीसदी का भाग आगामी 21 दिनों यानी 27 अगस्त से लागू हो सकता है।

# एससीओ सम्मेलन के लिए पीएम मोदी की यात्रा का चीन ने किया स्वागत

- अगस्त के अंत में जापान से होते हुए कर सकते हैं प्रधानमंत्री चीन की यात्रा

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

चीन ने शुक्रवार को शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए की जा



रही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तियानजिन की यात्रा को लेकर उनका स्वागत किया है। साथ ही भारत के पड़ोसी देश द्वारा उम्मीद जताते हुए यह भी कहा गया है कि यह सम्मेलन सद्भावना के समावेश, दोस्ती और लाभदायक परिणामों वाला साबित होगा। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि सभी पक्षों के केंद्रित प्रयासों से तियानजिन में होने वाला एससीओ शिखर सम्मेलन सद्भावना की एकजुटता, मित्रता और फायदेमंद निष्कर्षों वाला आयोजन रहेगा। साथ ही संगठन एक नई तरह की उच्च गुणवत्ता वाले विकास, बढ़ी हुई सद्भावना, समन्वय और उत्पादकता में प्रवेश करेगा।

## जापान और चीन की यात्रा करेंगे पीएम

यहां बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी बीते करीब सात वर्षों के बाद चीन की यात्रा कर सकते हैं। जिसका आगाज इस महीने के अंत में 29 अगस्त को होगा। हो सकता है पीएम मोदी जापान से होते हुए चीन की यात्रा करें। लेकिन अभी इसे लेकर भारत की तरफ से आधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी गई है। जल्द ही इसके सामने आने की संभावना है। पूर्व में पीएम ने वर्ष 2018 में चीन की यात्रा की थी। उस वक्त भी उन्होंने एससीओ शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए यह दौरा किया था।

# सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला...'अनाथ बच्चों' के जीवन में पहुंचे शिक्षा का उजाला

- राज्यों का दिया निर्देश, आरटीई कानून के तहत अनाथ बच्चों को निजी स्कूलों में मिलनी चाहिए मुफ्त शिक्षा।
- 4 सप्ताह के भीतर अधिसूचना के साथ ही अपने क्षेत्रों में बच्चों की संख्या जानने के लिए कराएं सर्वेक्षण।

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

क्या अनाथ बच्चे भी स्कूल जा सकते हैं? उन्हें शिक्षा प्रदान करने की तमाम व्यवस्था कौन करेगा? क्या उन्हें भी बाकी बच्चों की तरह बेहतर शिक्षा पाने का अधिकार है? क्या वो भी अच्छी शिक्षा लेकर देश की मुख्यधारा में शामिल हो सकते हैं? यह वो तमाम जरूरी सवाल हैं, जिनका सबसे सटीक जवाब किसी और न नहीं बल्कि देश की सर्वोच्च अदालत यानी सुप्रीम कोर्ट ने अपने एक ऐतिहासिक फैसले में दे दिया है। अदालत ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि वह 2009 के शिक्षा के अधिकार कानून की वंचित श्रेणी में 25 फीसदी आरक्षण के तहत अनाथ बच्चों को शामिल कर चार सप्ताह के भीतर उनका निकटतम निजी स्कूलों में दाखिला सुनिश्चित किया जाए। ताकि उन्हें शिक्षा का अवसर मिल सके। जस्टिस बी.वी.नागरत्ना और केवी विश्वनाथन की पीठ ने अधिवक्ता और सामाजिक कार्यकर्ता पौलोमी पाविनी शुक्ला की जनहित याचिका पर यह अहम फैसला सुनाया है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25